कोटद्वार, रविवार
12 मई 2024
वर्षः 46
अंकः 22 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

पर्यटन नगरी मसूरी पर्यटकों से पैक

देहरादून। मसूरी वीकेंड पर शनिवार शाम तक पैक हो गई। यहां सुबह से ही पर्यटक पहुंचने लगे थे। यहां दिनभर कैम्पटी में सबसे ज्यादा पर्यटकों की भीड़ जुटी रही। इसके अलावा कंपनी गार्डन, भट्टा फॉल, गन हिल, लालटिब्बा, मसूरी झील, धनोल्टी, सुरकंडा के साथ ही अन्य पर्यटक स्थल पर्यटकों से गुलजार रहे। पर्यटकों की भीड़ बढ़ने से माल रोड, पिक्चर पैलेस, लैंढार बाजार सहित मसूरी–देहरादून मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारे लगी रही। इसे पर्यटकों के साथ ही स्थानीय निवासियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ा। माल रोड पर दोपहर की स्थिति पैदा हो गई। पैदल चलने वालों को भी यहां निकलने की जगह नहीं मिली। इस दौरान स्कूली बच्चों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मसूरी–देहरादून मार्ग पर किताबघर बस स्टैंड पर दीवार का निर्माण किया जा रहा है, इससे यहां हर समय जाम लग रहा है।

चकराता के कई क्षेत्रों में बारिश और ओलावृष्टि

विकासनगर। मैदानी क्षेत्रों में जहां उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। वहीं चकराता क्षेत्र में लगातार बारिश और ओलावृष्टि से ठंडक बढ़ गई है। ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। चटक धूप और इसके बाद अचानक बारिश से लोगों की तबीयत भी बिगड़ रही है। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण लोग वायरल बुखार, गले में दर्द, उल्टी–दस्त जैसे रोगों के चपेट में आ रहे हैं। मैदानी क्षेत्रों में लगातार तापमान 35 डिग्री से ऊपर चल रहा है। वहीं चकराता में शुक्रवार शाम चले आंधी तूफान और ऊंचाई में ओलावृष्टि के बाद शनिवार सुबह चटक धूप खिली रही। लेकिन दोपहर बाद अचानक आसमान में बादल छाए और झमाझम बारिश और ओलावृष्टि होने लगी। झमाझम बारिश से जहां एक बार फिर चकराता में ठंडक बढ़ गई, वहीं कई जगहों पर ओलावृष्टि होने से सेब,आड़ू, पुलम, खुमानी, नाशपाती, अखरोट, मटरख् गेंहू की फसलों को भी नुकसान हुआ है। बारिश से क्षेत्र का तापमान 24 डिग्री से गिरकर 20 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 11 पर आ गया। इससे लोगो को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस वर्ष का मौसम बड़ा ही विचित्र हो गया है। सुबह चटक धूप खिल रही है और शाम को अचानक बारिश हो रही है।

अनियंत्रित डीसीएम ने कार में टक्कर मारी, दूल्हे समेत चार लोग जिंदा जले

झांसी , यूपी के झांसी–कानपुर हाईवे पर बड़ा हादसा हुआ है। यहां बारात लेकर जा रहे एक दूल्हे की कार में डीसीएम ट्रक से टक्कर के बाद आग लग गई। इसमें दूल्हा समेत चार लोगों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। मारे गए लोगों में दूल्हा आकाश अहिरवार (उम्र 25 साल), दूल्हे का सगा भाई आशीष अहिरवार, भतीजा मयांक (उम्र 4 साल) और कार का ड्राइवर जयकरन उर्फ भगत शामिल हैं। वहीं दो लोगों रवि अहिरवार और रमेश को बचा लिया गया। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

हादसा झांसी के बड़ा गांव थाना क्षेत्र के पारीछा ओवर ब्रिज के पास हुआ। बताया जा रहा है कि पीछे से आ रहे डीसीएम ने कार में टक्कर मार दी। बताया जा रहा है डीसीएम अचानक से बेकाबू होकर लहराते हुए कार से टकराया और उस पर चढ़ गया। इसमें कार और डीसीएम दोनों में आग लग गई। झांसी के एरच थाना क्षेत्र के बिलाटी गांव में रहने वाले आकाश अहिरवार की 10 मई दिन शुक्रवार को शादी थी। बारात बड़ा गांव थाना क्षेत्र के छपार गांव के लिए निकली थी। कार जब बड़ा गांव थाना क्षेत्र में कानपुर हाईवे स्थित पारीछा ओवर ब्रिज के पास पहुंची तो पीछे से आ रही डीसीएम गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद कार और डीसीएम में आग लग गई।

हादसे के बाद डीसीएम का ड्राइवर फरार हो गया। आग की लपटों के बीच घिरी का कार में लोगों की चीख–पुकार सुनकर आसपास से राहगीर वहां जुट गए। उनमें से किसी ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसी दौरान पीछे से रिश्तेदारों की गाड़ी भी वहां पहुंच गई। उन्होंने किसी तरह जलती कार के कांच तोडक़र दो लोगों को बाहर निकाला। उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

आज खुलेगें श्री बदरीनाथ धाम के कपाट

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट आज रविवार 12 मई को प्रातः छः बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुल रहे है। जबकि उत्तराखंड के चार धामों में से तीन धाम श्री केदारनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री धाम के कपाट बीते शुक्रवार अक्षय तृतीया 10 मई को खुल चुके है। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) द्वारा कपाट खुलने हेतु तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। कपाट खुलने के अवसर हेतु श्री बद्रीनाथ मंदिर को मंदिर समिति द्वारा श्री बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश के सहयोग से पुष्पों से भव्य रूप से सजाया गया है।

हजारों की संख्या में तीर्थयात्री श्री बदरीनाथ धाम पहुंच गये है तथा पहुंचने का क्रम जारी है। दानीदाताओं के द्वारा जगह-जगह भंडारे भी आयोजित हो रहे है। बदरीनाथ में मौसम सर्द है दूर पर्वतों पर बर्फ साफ नजर आ रही है, लेकिन मंदिर के आसपास एवं सड़क की बर्फ गल चुकी है दिन में धूप लगी हुई है। इसी क्रम में श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय एवं उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने श्री बदरीनाथ धाम में यात्रा एवं मंदिर दर्शन व्यवस्था हेतु मंदिर कर्मचारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप भट्ट, विवेक थपलियाल अवर अभियंता गिरीश रावत, जगमोहन बर्त्वाल, लेखाकार भूपेंद्र रावत, मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़, प्रबंधक अजय सती, भागवत मेहता, अनसुइया नौटियाल, योगंबर नेगी, हरीश जोशी, सत्येंद्र झिंक्वाण सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इससे पहले मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने मंदिर दर्शन पंक्ति, स्वच्छता, विद्युत, पेयजल, जनसुविधा, मंदिर कार्यालय वीआईपी प्रवेश मार्ग, वेटिंग रूम, मंदिर के सिंह द्वार परिसर का मौके पर निरीक्षण किया व्यवस्थाओं को सुचारू करने के निर्देश दिये। वहीं आईजी पुलिस गढ़वाल रेंज केएस नगन्याल, जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, एसपी सर्वेश पंवार, उपजिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ठ, ईओ नगर पंचायत सुनील पुरोहित ने यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

आदि गुरू शंकराचार्य की गद्दी योग बदरी पांडुकेश्वर से श्री बदरीनाथ धाम पहुंची

चमोली : कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत शनिवार पूर्वाह्न को योग बदरी पांडुकेश्वर से श्री उद्धव जी एवं श्री कुबेर जी सहित आदि गुरू शंकराचार्य जी की पवित्र गद्दी तथा श्री बदरीनाथ धाम के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी के साथ गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा दोपहर को श्री बदरीनाथ धाम पहुंची। लामबगड़, हनुमान चट्टी, बदरीनाथ मंदिर के निकट देवडोलियों का स्वास्तिवाचन एवं फूल वर्षा से स्वागत हुआ। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड के मुताबिक आज रविवार 12 मई को प्रातः पांच बजे से रावल जी धर्माधिकारी, वेदपाठी मंदिर द्वार पूजन करेंगे तथा कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। ठीक छः बजे मंदिर गर्भगृह के भी द्वार खुलेंगे तथा मां लक्ष्मी जी गर्भगृह से मंदिर परिक्रमा स्थित अपने मंदिर में विराजमान हो जायेगी श्री कुबेर जी बामणी गांव से आकर मंदिर परिसर से उद्धव जी के साथ ही मंदिर गर्भगृह में स्थापित हो जायेंगे। इस तरह प्रातः छ बजे भगवान की चतुर्भुज मूर्ति से घृत कंबल की अलग कर अभिषेक पश्चात भगवान बद्रीविशाल के श्रृंगार दर्शन होगे तथा संपूर्ण बदरीश पंचायत श्री उद्धव जी, कुबेर जी, नारद जी नर नारायण के दर्शन शुरू हो जायेंगे। इसी के साथ ही रविवार को ही श्री बदरीनाथ धाम मंदिर परिक्रमा स्थित गणेश जी, घंटाकर्ण जी, आदि केदारेश्वर जी, आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर, श्री माता मूर्ति मंदिर तथा तपोवन सुभाई (जोशीमठ) स्थित भविष्य बद्री मंदिर के भी कपाट इस यात्रा काल हेतु दर्शनार्थ खुल जायेंगे। विगत 10 मई को श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ में दर्शन पूजा-अर्चना पश्चात तेल कलश गाडू घड़ा यात्रा ने आदि गुरू शंकराचार्य जी की गद्दी तथा श्री बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी के साथ योग बदरी पांडुकेश्वर पहुंचे थे। पांडुकेश्वर में रात्रि प्रवास के पश्चात शनिवार को योग बदरी पांडुकेश्वर से श्री उद्धव जी एवं श्री कुबेर जी सहित आदि गुरू शंकराचार्य जी की पवित्र गद्दी तथा श्री बदरीनाथ धाम के रावल के साथ गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा शायंकाल को श्री बदरीनाथ धाम पहुंच गयी।

उच्चस्तरीय समिति करेगी विवाद का पटाक्षेप

उत्तराखंड में न्याय के सबसे बड़े मंदिर के लिए जनमत बनेगा आधार

नैनीतालः अलग राज्य आंदोलन के दौरान रामपुर तिराहा कांड में पहाड़ की आंदोलनकारी महिलाओं के साथ बर्बरता से उपजा आक्रोश गांव–गांव फैल गया तो चार जनवरी 1994 को तत्कालीन मुलायम सिंह सरकार की ओर से नगर विकास मंत्री रमाशंकर कौशिक की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति का गठन किया गया था। इस कौशिक समिति की रिपोर्ट अप्रैल 1994 में विषम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए प्रथम उत्तराखंड राज्य की मांग को स्वीकार किया गया। इसी समिति ने राज्य की राजधानी गैरसैंण बनाने की सिफारिश की थी। अब कौशिक समिति के गठन के तीन दशक बाद उत्तराखंड में सबसे बड़े न्याय के मंदिर को शिफ्ट करने के लिए हाई कोर्ट की ओर से उच्चस्तरीय समिति का गठन करने के साथ ही आनलाइन जनमत कराने का आदेश पारित किया गया है। समिति की रिपोर्ट तथा अधिवक्ताओं–आम जनता की राय से ही

हाई कोर्ट को शिफ्ट करने के विवाद का पूरी तरह पटाक्षेप होगा। जनमत से ही अब नए हाई कोर्ट की स्थापना का रास्ता तैयार होगा। दरअसल 2017 में हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एमसी कांडपाल ने मुख्य न्यायाधीश को नैनीताल की विषम भौगोलिक परिस्थितियों सहित मौसम, पर्यटन के दबाव के आधार पर हाई कोर्ट शिफ्ट करने की मांग की। 2019 में प्रत्यावेदन पर विचार के लिए रिमाइंडर दिया तो तत्कालीन चीफ जस्टिस की ओर से आनलाइन सुझाव मांगे गए।

बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश, अदालत बोली– काफी सबूत हैं

नई दिल्ली ,दिल्ली की अदालत ने भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के लिए काफी सबूत हैं। कुश्ती महासंघ के पूर्व बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों से यौन उत्पीडऩ का केस चल रहा है। इस मामले में अब अदालत ने उनके खिलाफ आरोप तय करने की बात कही है।

बृजभूषण के अलावा उनके सहयोगी विनोद तोमर के खिलाफ आरोप तय किए जाएंगे। दोनों के खिलाफ 6 महिला पहलवानों ने यौन उत्पीडऩ का आरोप लगाया था। दोनों के खिलाफ 5 महिला पहलवानों के यौन उत्पीडऩ को लेकर सेक्शन 354 और 354 के तहत आरोप तय होंगे। इसके अलावा दो महिला पहलवानों से उत्पीडऩ के मामले में सेक्शन 506 (भाग 1) के तहत आरोप तय होंगे।

वहीं छठी महिला पहलवान से उत्पीडऩ के मामले से उन्हें बरी कर दिया गया है। अब इस मामले की सुनवाई 21 मई को होगी। इस तरह बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मामला आगे बढ़ रहा है। इससे पहले मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट की जज प्रियंका राजपूत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत का कहना था कि फैसला तैयार है, लेकिन उसकी कॉपी में कुछ सुधार करने हैं। इसलिए अब अगली सुनवाई 10 मई को होगी।

वाहन के ऊपर गिरा बोल्डर, चालक गंभीर

नई टिहरी : ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर शनिवार को तोताघाटी में केदारनाथ यात्रा पर जा रहे वाहन के ऊपर भारी बोल्डर गिर गया। दुर्घटना में चालक गंभीर घायल हो गया। जबकि वाहन सवार तीन लोग इस हादस में बाल-बाल बच गए। घायलों को उपचार के लिए श्रीनगर अस्पताल पहुंचाया गया। चारधाम यात्रा की शुरुआत होते ही दुर्घटनाओं का सिलसिला भी शुरू हो गया है। शनिवार को दिल्ली से केदारनाथ यात्रा पर निकले यात्रियों के वाहन के ऊपर तोता घाटी में भारी बोल्डर आ गिरा। इससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक नरेश पुत्र खेमचंद निवासी ए 124 माधीपुर जेजे कॉलोनी, नई दिल्ली के सिर व हाथों में गहरी चोट आने से वह गंभीर घायल हो गया है।

50 सीट भी नहीं जीत पाएगी कांग्रेस, विपक्षी दल का भी नहीं मिलेगा दर्जा, बोले पीएम मोदी

फुलबनी बोलंगीर बारगढ़ (ओडिशा) । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 50 सीट भी नहीं जीत पाएगी और चुनाव के बाद उसे विपक्षी दल का दर्जा भी नहीं मिलेगा। कंधमाल, बोलंगीर और बारगढ़ लोकसभा सीट पर चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि ओडिशा की 'अस्मिता' खतरे में है और भाजपा इसकी रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार बनेगी और ओडिशा में भाजपा सरकार का मुख्यमंत्री वही बेटी या बेटा बनेगा जो उड़िया भाषा और उड़िया संस्कृति को समझता हो। बीजू जनता दल (बीजद) पर हमला करते हुए उन्होंने

कहा कि राज्य में प्रचुर प्राकृतिक संसाधन होने के बावजूद लोगों को गरीब बनाए रखने के लिए जिम्मेदार लोगों को सत्ता से बाहर किया जाना चाहिए। मोदी ने दावा किया, "कांग्रेस को लोकसभा में प्रमुख विपक्षी दल बनने के लिए 10 प्रतिशत सीट नहीं मिल पाएंगी और वह 50 सीट भी नहीं जीत पाएगी।"राहुल गांधी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, "कांग्रेस के 'शहजादे' 2014 के चुनाव के बाद से वही स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं...मेरे शब्दों पर ध्यान दें, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा और इस बार 400 से अधिक सीट जीतेगा।" केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की उपलब्धियों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि 26 साल पहले आज ही के दिन पोखरण परीक्षण ने दुनिया भर में देश का कद बढ़ाया था।

मानवता की सेवा का दूसरा नाम है रेडक्रॉस

– योगेश कुमार गोयल

वर्ष 1864 में जीन हेनरी डयूनेंट के सतत् प्रयासों के चलते जेनेवा समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस मूवमेंट की स्थापना हुई थी। मानव सेवा के लिए हेनरी डयूनेंट को वर्ष 1901 में पहला नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया था। 8 मई 1828 को जेनेवा में जन्मे डयूनेंट एक स्विस व्यापारी तथा समाज सेवक थे, जो 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा और रक्तपात का भयानक मंजर देखकर बहुत आहत हुए थे। युद्ध मैदान में पड़े हृदय विदारक कष्टों से तड़पते इन्ही सैनिकों के दर्दनाक हालातों पर अपने कड़वे अनुभवों के आधार पर उन्होंने मेमोरी और सालफिरोनो पुस्तक भी लिखी और 1863 में रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति आईसीआरआई का गठन किया। जेनेवा में 26 से 29 अक्टूबर 1863 तक एक अंतरराष्ट्रीय बैठक हुई, जिसमें रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांत निर्धारित किए गए तथा रेडक्रॉस आन्दोलन का विकास करते हुए आहत सैनिकों और युद्ध पीड़ितों की सहायता संगठित करने के लिए दुनियाभर के सभी देशों में राष्ट्रीय समितियां बनाने पर जोर दिया गया। 8 अगस्त 1864 को हुए जेनेवा अधिवेशन में सुरक्षा के प्रतीक रेडक्रॉस वाले सफेद झंडे पर स्वीकृति की मोहर लगाई गई, जो आज समस्त विश्व में रेडक्रॉस का प्रतीक चिन्ह बना हुआ है। 1863 में हुई रेडक्रॉस की स्थापना में चूंकि महान मानवता प्रेमी हेनरी डयूनेंट का सबसे बड़ा योगदान था, इसीलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर ही प्रतिवर्ष विश्वभर में 8 मई का दिन अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। रेडक्रॉस एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के अलावा आकस्मिक दुर्घटनाओं में घायलों, रोगियों, आपातकाल तथा युद्धकालीन बंदियों की देखरेख करती है। मानव सेवा को समर्पित रेडक्रॉस के उल्लेखनीय कार्यों की बदौलत इस संस्था को वर्ष 1917 में पहला नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया। रेडक्रॉस को अब तक कुल तीन बार 1917, 1944 तथा 1963 में शांति के नोबेल पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। रेडक्रॉस ने प्रथम तथा द्वितीय विश्व युद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक घायल सैनिकों तथा नागरिकों की सहायता कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया था। 1914 के प्रथम विश्वयुद्ध के समय रेडक्रॉस के करीब दो हजार स्वयंसेवकों ने न केवल विभिन्न सेनाओं तथा जहाजी बेड़ों के हजारों लापता सैनिकों का पता लगाया बल्कि 500 विभिन्न बंदी–शिविरों की नियमित देखरेख करते हुए हजारों युद्धबंदियों को सहायता भी मुहैया कराई। अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया के सभी देशों में रेडक्रॉस आन्दोलन का प्रसार करने के साथ–साथ रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में भी कार्य कर रही है। रेडक्रॉस की भूमिका शुरूआती दौर में युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा उन्हें उचित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने तक ही सीमित थी किन्तु अब इस संस्था के दायित्वों का दायरा लगातार विस्तृत होता जा रहा है। दुनिया के किसी भी भाग में जब भूकम्प, बाढ़, भू–स्खलन या अन्य किसी भी प्रकार की प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा सामने आती है तो सबसे पहले अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी की टीमें वहां पहुंचकर राहत कार्यों में जुट जाती है। कहना गलत न होगा कि शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्त्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। रेडक्रॉस फिलहाल 190 से भी ज्यादा देशों में सक्रिय है। विश्वभर में रेडक्रॉस के करीब 1.7 करोड़ स्वयंसेवक हैं। यही कारण है कि रेडक्रॉस दिवस को अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस भी कहा जाता है। यह संस्था लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करती है और अपनी विभिन्न शाखाओं के जरिये में जगह–जगह रक्तदान शिविर लगाकर प्रतिवर्ष बहुत बड़ी मात्रा में रक्त एकत्रित करती है। वास्तव में रक्त इकट्ठा करने वाली यह विश्व की एकमात्र सबसे बड़ी संस्था है, जिससे कैंसर, थैलेसीमिया, एनीमिया जैसी प्राणघातक बीमारियों से जूझ रहे हजारों लोगों की भी जान बचाई जाती है। रेडक्रॉस की पहल पर ही दुनिया का पहला ब्लड बैंक अमेरिका में 1937 में स्थापित हुआ था और वर्तमान में दुनियाभर के अधिकांश ब्लड बैंकों की देखरेख रेडक्रॉस तथा उसकी सहयोगी संस्थाओं द्वारा ही की जाती है। भारत में भी रक्त एकत्रित करने तथा वही रक्त जरूरतमंद लोगों के लिए सही समय पर उपलब्ध कराने का कार्य यह संस्था कई दशकों से लगातार कर रही है। भारत में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम के तहत वर्ष 1920 में रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ था और स्थापना के 9 वर्ष बाद इसकी सराहनीय गतिविधियों को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी ने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी को मान्यता प्रदान की थी। वर्ष 1994 में रेडक्रॉस एक्ट में संशोधन करते हुए सोसायटी का पदेन अध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति को तथा सचिव केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बनाया गया।

चीन की हरकतों से भारत सतर्क रहे

प्रधानमंत्री मोदी ने ईटानगर का दौरा कर 55 हजार 600 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग भी शामिल है। यह सुरंग अरुणाचल के तवांग तक संपर्क उपलब्ध कराएगी। इससे बारिश और बर्फ बारी समेत हर मौसम में एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) तक सैनिकों की पहुंच आसान होगी। इस सुरंग की नींव 2019 में रखी गई थी। चार साल की अवधि में इसके निर्माण पर 825 करोड़ की लागत आई है। सिर्फ यही नही मोदी ने पूवीत्तर राज्यों को दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया के बीच व्यापार, पर्यटन और अन्य क्षेत्रों से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी भी बताया। इसके सतत विकास को जारी रखने के कार्यों को मोदी की गारंटी से भी जोड़ा। इसके बाद चीन की ओर से मोदी की यात्रा को लेकर आपत्ति जताई गई थी। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने उसकी आपत्ति को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि अरुणाचल भारत का हिस्सा है और सदैव रहेगा। इस क्रम में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बयान जारी किया था कि अमेरिका अरुणाचल को भारत का हिस्सा मानता है। यहां किसी भी तरह की घुसपैठ गलत है और हम वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास सैन्य नागरिक घुसपैठ से किसी क्षेत्र पर होने वाले दावों को एकतरफा मानते हैं।

अरूण शर्मा

चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक ओर वह अपने गिरती अर्थव्यवस्था के बावजूद अपने रक्षा बजट में इजाफा करता जा रहा है। तो दूसरी ओर भारत के साथ सीमा विवाद को सुलझाने की बजाय उलझाने की फितरत में रहता है। इस बार तो उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल के दौरे पर आपत्ति जताकर हद ही कर दी। उसका दावा है कि यह इलाका विवादित क्षेत्र है। उसकी तिलमिलाहट तो तब और ज्यादा बढ़ गई जब अमेरिका ने भी अरुणाचल को भारत का भू–भाग बताया। इस पर चीन ने अमेरिकी मान्यता पर आपत्ति जताते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच सीमा विवाद के मुद्दे से अमेरिका का कोई लेना–देना नहीं है। उलटे उसने अमेरिका को सलाह दी कि वह अपने भू–राजनीतिक हितों को साधने के लिए दूसरे देशों के बीच विवादों को तूल न दे।

यहां बता दें कि इसी माह प्रधानमंत्री मोदी ने ईटानगर का दौरा कर 55 हजार 600 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग भी शामिल है। यह सुरंग अरुणाचल के तवांग तक संपर्क उपलब्ध कराएगी। इससे बारिश और बर्फ बारी समेत हर मौसम में एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) तक सैनिकों की पहुंच आसान होगी। इस सुरंग की नींव 2019 में रखी गई थी। चार साल की अवधि में इसके निर्माण पर 825 करोड़ की लागत आई है। सिर्फ यही नहीं मोदी ने पूवीत्तर राज्यों को दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया के बीच व्यापार, पर्यटन और अन्य क्षेत्रों से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी भी बताया। इसके सतत विकास को जारी रखने के कार्यों को मोदी की गारंटी से भी जोड़ा। इसके बाद चीन की ओर से मोदी की यात्रा को लेकर आपत्ति जताई गई थी। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने उसकी आपत्ति को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि अरुणाचल भारत का हिस्सा है और सदैव रहेगा। इस क्रम में अमेरिकी

विदेश विभाग के प्रमुख प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बयान जारी किया था कि अमेरिका अरुणाचल को भारत का हिस्सा मानता है। यहां किसी भी तरह की घुसपैठ गलत है और हम वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास सैन्य नागरिक घुसपैठ से किसी क्षेत्र पर होने वाले दावों को एकतरफा मानते हैं।

आश्चर्य तो यह है कि चीन ने अरुणाचल के दो भूमि क्षेत्रों, दो रिहायशी इलाकों, दो नदियों और पांच पर्वतीय चोटियों के नए नामों की बाकायदा एक सूची भी जारी की है। वर्ष 2017 में इस क्षेत्र के छह नामों और वर्ष 2021 में 15 स्थानों और राज्य का नाम भी अलग दे दिया है। उसे वह तिब्बत का दक्षिणी हिस्सा बताने हुए उस पर अपने हक का दावा करता है। चीन ने तिब्बत को कभी स्वतंत्र देश नहीं माना है। वर्ष 1950 में उसने तिब्बत को अपने इलाके में शामिल कर लिया था। वर्ष 1962 में भारत से युद्ध किया। लेकिन तवांग क्षेत्र से वह पीछे हट गया था।

हाल ही चीन ने अपने वार्षिक बजट (2024–25) में रक्षा मद में 7.2 फीसदी बढ़ोतरी की है। कुछ वर्षों से उसका यह रवैया कोई नई बात नहीं है। लेकिन इस वृद्धि को कम भी नहीं माना जा सकता। विशेषज्ञों के अनुसार चीन रक्षा मद में जितना ज्यादा खर्च बता रहा है, वास्तविक रूप में वह कहीं ज्यादा ही होगा। कारण रक्षा से जुड़े बहुत सारे खर्च वह अन्य मदों में दिखाता है। रक्षा खर्च में इस बढ़ोतरी का निर्णय वह ऐसी स्थिति में कर रहा है जब उसकी अर्थ–व्यवस्था कठिनाई के दौर में है। इसके बावजूद उसके रक्षा बजट में बढ़ोतरी उसकी प्राथमिकता की ओर इशारा कर रही है। कहीं न कहीं इस निर्णय के पीछे इसकी आक्रामक नीति को प्रतिबिंबत करती है। इसका ताजा उदाहरण चीन सरकार की ओर से जारी वह रिपोर्ट जिसमें ताइवान के संदर्भ में शांतिपूर्ण एकीकरण का पारंपरिक वाक्यांश हटा दिया गया है। वहीं उसकी सैन्य बजट बढ़ोतरी की तुलना अमेरिका और जापान के सैन्य खर्च की बढ़ोतरी से करते हैं तो उसका तार्किक महत्व समझ में आता है। लेकिन यदि भारत के परिपेक्ष्य में गौर करें तो यह एक नई चुनौती के रूप में दिखाई देती है। चार साल पहले लद्दाख से लगती सीमा पर दोनों पक्षों के बीच हुई झड़प के बावजूद सीमा पर तनाव जारी है। विभिन्न स्तर पर हुई कई दौर की वार्ताओं के बावजूद तनाव में कोई कमी नहीं आई है।

लद्दाख और उत्तराखंड से लगती सीमा पर चीन के 50 से 60 हजार और सिक्किम व अरुणाचल से लगती सीमा पर 90 हजार सैनिक अभी भी तैनात हैं। भारत की घेरेबंदी के हर तरह के निरंतर प्रयास करता रहता है। पाकिस्तान को भारी सैन्य सहायता देकर भारत पर दोनों अंतरराष्ट्रीय सीमाओं (एलओसी और एलएसी) पर दबाव बनाए रखने की उसकी नीति अब स्थायी हिस्सा बन चुकी है।

पारदर्शी निगरानी व्यवस्था के दायरे में आए

ऋतुपर्ण दवे

यूं तो सोशल मीडिया पर सचेत करते हुए कई वीडियो और दावे सामने आते रहते हैं, लेकिन कितने सच होते हैं, यह सामान्यतया कोई भी नहीं कह सकता।

हालांकि कभी–कभी कोई ऐसा वीडियो सामने आ जाता है जो विचलित कर देता है और अक्सर लोग सच्चाई जाने बिना ही भरोसा कर बैठते हैं। ऐसा ही एक वीडियो बीते दिनों बहुत तेजी से वायरल हुआ जिसमें हरी टी शर्ट पहना एक छोटा बच्चा जो कि किसी मेले में दिख रहा है। एक दूकानदार से गिलास में कुछ लेता है जिसमें बहुत तेज सफेद और गाढ़ा धुआं निकलता है। बच्चा उसे पीता है और तुरंत पेट पकडक़र चीखने–चिल्लाने लगता है। बच्चे को तुरंत चिकित्सकीय मदद पहुंचाई गई। बहरहाल, वीडियो की सत्यता=असत्यता से परे हटकर सोचें तो अगर वाकई में ऐसा है तो हम सभी को गंभीरता से इस बारे में सोचने की जरूरत है। वीडियो में दिख भी रहा है कि उस पर स्मोक बिस्किट लिखा है। आजकल ऐसे पदार्थ खाने को सजावटी आकार देने के साथ बच्चों में आकषर्ण बढ़ाने के लिए बनाना आम हो गया है, जिनमें ड्राई आइस या लिक्विड नाइट्रोजन का अनुपातहीन उपयोग आम सा हो गया है। भारत में इसका तेजी से पार्टियों या पिकनिक, मेलों में चलन बढ़ रहा है। वास्तविकता यह है कि बच्चा दावणगेरे में परिजनों के साथ एक प्रदशर्नी में गया था और उसने वहां पर एक स्टॉल से स्मोक बिस्किट लिया और उपयोग करते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। सुकून की बात है कि वीडियो के जरिए फैलाई जा रही मौत की बातें अफवाह निकली, लेकिन इस वीडियो ने कई सवाल जरूर पैदा कर दिए। क्या आम दावतों, पार्टियों, चौपाटियों या चाट, पकौड़े, आईसक्रीम या ठण्डाई के नाम पर बिना किसी स्वीकृति के कुछ भी उपयोग की इजाजत है? और क्या भारत में कहीं भी कोई अपनी मनमर्जी से स्वाद या आकषर्ण बढ़ाने के लिए किसी भी प्रतिबंधित, घातक या अनुपातहीनमात्रा में मसाले, रसायन खाने में उपयोग कर सकते हैं? इस पर लोग कितना जागरूक हैं? स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह ऐसी चीजों के इस्तेमाल का क्या कोई तय पैमाना है और है तो इसका कैसे हो? सबको पता है कि पूरे देश में चाहे गांव, कस्बा, महानगर हर कहीं बाजार में तैयार खाने का चलन बहुत तेजी से बढ़ा है। देश में रेस्टॉरेन्ट, होटल और ढाबों में लोगों के शौकिया आना–जाना भी खूब बढ़ा है। आउटिंग या बाहर खाने के चलन ने ऑनलाइन फुड को एक नई इंडस्ट्री की शक्ल दे दी, लेकिन सवाल यही कि आखिर बाजार में बिकने वाला रेडीमेड खाना स्वास्थ्य के लिहाज कितना मुफीद है? क्या इस तरह के खाना बनाने वाले ठिकानों और सप्लाई के लिए पहुंचाने के दौरान बनाने और खाने वालों के बीच खाने की गुणवत्ता में बदलाव या स्तरहीनता को परखने का कोई तंत्र है? शायद नहीं और हो भी तो लोगों ने कभी बीच सडक़ खाने की जांच होते या सैम्पलिंग देखी नहीं। ऐसे सवाल उठने वाजिब हैं। सडक़ों के किनारे ढाबे हों या बीच शहर के होटल या स्ट्रीट फूड की जगहें। कभी यहां नियमित जांच होती हैं या हुई लोगों को ध्यान नहीं आता। निश्चित रूप से ऐसी निगरानी उस क्षेत्र के जिला प्रशासन के अधीन होती हैं, लेकिन सवाल वही कि इस पर अमल कैसा होता है? जिस तेजी से बाहर खाने का चलन बढ़ रहा है और तैयार खाने का ऑनलाइन कारोबार बढ़ रहा है जो उद्योग की शक्ल अख्तियार कर रहा है। तमाम तरह के टैक्स के दायरे में भी आता है परन्तु गुणवत्ता को लेकर किस तरह के निर्देश हैं या अमल करना है इस पर आम लोगों को कुछ पता नहीं होता। समय के साथ अब इस बात पर भी सख्त कानून बने और पालन में भी कठोरता की जाए ताकि रेडीमेड फूड उद्योग भी एक पारदर्शी निगरानी व्यवस्था के दायरे में आए। बना बनाया या बनाकर खाने के बेचने या पैक कर घर–घर पहुंचाने का रिटेल या थोक कारोबार हो या स्ट्रीट वेन्डर से लेकर पांच सितारा होटलें इनकी गुणवत्ता की जांच के लिए हर कहीं सूचना पटल हों। महानगरों, शहरों और दूकानों में बड़े–बड़े होर्डिंग, बैनर या पोस्टर अनिवार्य हों, जिनसे लोगों की इस बारे में जागरूकता बढ़े। हर दुकानदार, खाने की सामग्री बेचने वाले ठिकानों पर उस क्षेत्र के स्थानीय नियंत्रणकर्ता एजेंसी की जानकारी तथा संपर्क सूची भी लगाई जाए जहां पर गुणवत्ता में दोष की शिकायत की जा सके। इतना ही नहीं विशेष परिस्थितियों में खाने के सैंपल को जांचने के लिए स्थानीय सरकारी विभाग भी तत्पर रहे। अब तक ऐसे गंभीर मामले या तो पुलिस के पास पहुंचते हैं या फिर हीला–हवाली में ही अपराध के बावजूद अनदेखे रह जाते हैं। खाने में कीड़े, कॉकरोच मिलने या खाकर बीमार पडऩे की शिकायतें तो सामने आती हैं, लेकिन कभी कोई कार्रवाई हुई हो ज्यादातर पता नहीं चल पाता।

क्या भारतीय विरासत को सहेज पाएगी आधुनिक वास्तुकला

अजय सिंह

आधुनिक वास्तुकला का संरक्षण एक सवालिया निशान के कटघरे में खड़ा है। जो भारतीय आर्किटेक्ट्स के लिए चिंता का विषय है। खासकर स्वतंत्रता के बाद की इमारतों के विध्वंस और योजनाबद्ध विध्वंस की श्रृंखला के बाद भारत यूरोपीय उपनिवेशवाद के लंबे दौर से उभर रहा है और आधुनिक युग की कलाओं और वास्तुकला के बीच अपनी परंपराओं को सहेजने की कोशिश कर रहा है। लेकिन यूरोपीय प्रभाव अभी भी इस विद्या में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है कि क्या भारतीय है और क्या महज नकल है। भारतीय वास्तुकारों के लिए यह एक चुनौती भरा कार्य है। आज के समय में भारतीय वास्तुकारों के लिए ऐसी शैली बनाना कठिन हो रहा है, जो एक उभरती हुई भारतीय सभ्यता को बाकी दुनिया और अपने निवासियों के सामने पर्याप्त रूप से प्रस्तुत कर ००सके।

शहरों की योजना बनाने में वास्तुकला एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और सभ्यता के अवशेष बड़े पैमाने पर पीछे छोड़ी गई इमारतों के माध्यम से देखे जाते हैं। वास्तुकारों से कहा जाता है कि वे इतिहास को याद न करें, लेकिन पिछली सभ्यताओं द्वारा बनाए गए डिजाइन के सभी खजानों नालंदा, सांची और एलोरा को नजरअंदाज करना कैसे संभव है? आज हम चौकोर और गोल गगनचुंबी इमारतों की साधारण इमारतों में सिमट कर रह गए हैं, जो यह दर्शाती हैं कि बड़ी संख्या में लोग समृद्धि और विकास को क्या कहते हैं। एक विशिष्ट भारतीय सभ्यता बनाने का टैगोर का दृष्टिकोण तेजी से लुप्त हो रहा है, क्योंकि उपमहाद्वीप की इमारतें दुबई और सिंगापुर की छोटी रियासतों की नकल करने की कोशिश कर रही हैं। हालांकि, ये प्रतिकृतियां वैश्विक शहरों में देखे जाने वाले आधुनिक युग के आश्चर्यों की गुणवत्ता या पैमाने से मेल नहीं खाती हैं। क्या हमारी वर्तमान सभ्यता अब से कुछ सदियों बाद मुड़ी हुई धातु के ढेर और कांच के टुकड़ों के रूप में देखी जाएगी?

भारत का कोई भी शहर आधुनिक शहर के लिए कोई समाधान प्रस्तुत नहीं करता है। वे सभी तेजी से रहने लायक नहीं रह गए हैं, जिससे कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोग गोवा, हिल स्टेशनों या विदेश में दूसरे घरों की तलाश कर रहे हैं। वास्तविक परिवर्तन देखने का मौका तब मिला जब शेष आंध्र प्रदेश राज्य के लिए एक राजधानी की परिकल्पना की गई। बौद्ध राजधानी के नाम पर इसे अमरावती कहा जाना था, जो इस क्षेत्र के पुराने साम्राज्यों का केंद्र था। बहुत कम लोग जानते हैं कि उस भूमि, जो अब आंध्र प्रदेश है, में लोग 800 वर्षों तक बौद्ध धर्म का पालन करते रहे। हालांकि, कई प्रयासों के बाद, वर्तमान राज्य सरकार ने तीन राजधानी क्षेत्र बनाने का फैसला किया और सत्ता का विकेंद्रीकरण किया गया–लंबाई को देखते हुए एक स्मार्ट निर्णय राज्य। लेकिन इन विभिन्न राजधानियों में उपनगरों की संख्या अधिक थी, जहां कंक्रीट और कांच पनपते हैं।

यह सब बहुत निराशाजनक लगता है और वास्तव में ऐसा है। भारतीय वास्तुकला और उसके आवास का भविष्य गोवा में कुछ भव्य विला और मुंबई और दिल्ली में कुछ बड़े वातानुकूलित फ्लैटों द्वारा दर्शाया गया है। इसलिए वास्तुकारों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे शहर के परिदृश्यों को एक साथ लाने का प्रयास करें और नए डिजाइन तैयार करें जो समुदाय–संचालित हों। मुंबई का एक उपनगर कोलाबा, एक ऐसी बस्ती का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां अमीर और गरीब एक साथ मिलते हैं और पूर्ण जीवन जीते हैं।

यह शक्तिशाली अधिकतम शहर का एक सूक्ष्म रूप है और एक ऐसी जगह है जहां सब कुछ उपलब्ध है और विरासत इमारतों को कुछ सुरक्षा प्रदान की जाती है। इमारतों का पुनः उपयोग किया जा रहा है और एक उत्कृष्ट उदाहरण एक पूर्व गोदाम के अंदर बनाया गया कैफे है, जो जल गया था और बाहरी हिस्सा बरकरार रखा गया था। एक अन्य प्रसिद्ध नवीकरण बैलार्ड एस्टेट में एक बर्फ फैक्ट्री है जिसे घटनाओं के लिए एक आधुनिक गैलरी और प्रदर्शनी स्थल में बदल दिया गया है।

अथर्व के जन्मदिन पर जारी हुआ क्राइम थ्रिलर फिल्म डीएनए का फर्स्ट लुक पोस्टर

अथर्व के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आगामी फिल्म के निर्माताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। निर्माताओं ने मुख्य जोड़ी, अथर्व और निमिषा सजयन के साथ फिल्म डीएनए का फर्स्ट–लुक पोस्टर जारी कर दिया है। दोनों कलाकार एक–दूसरे को गले लगते हुए बेहद कोमल मुद्रा में नजर आ रहे हैं, जबकि पोस्टर के दूसरे हिस्से में अथर्व का गुस्से वाला लुक देखने को मिला है। पोस्टर की थीम एक मजबूत क्राइम थ्रिलर की ओर इशारा करती है, जिसकी पृष्ठभूमि में एक प्रेम कहानी है।

कुल मिलाकर, दर्शक एक दिलचस्प क्राइम थ्रिलर का इंतजार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि पोस्टर में एक टैगलाइन भी है जिसमें लिखा है, दो धागे एक–दूसरे के चारों ओर घूमकर एक मुड़ी हुई सीढ़ी बनाते हैं। पोस्टर और इसकी टैगलाइन ने प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। इस देखने के बाद दर्शकों के जहन में सवाल उठने लगा है कि क्या यह एक टेढ़ी–मेढ़ी बदले की कहानी है? या, जैसा कि शीर्षक से पता चलता है, क्या यह एक और मेडिकल क्राइम थ्रिलर है? ओरु नाल कुथु, फरहाना और मॉन्स्टर फेम नेल्सन वेंकटेशन द्वारा लिखित और निर्देशित डीएनए को एक क्राइम थ्रिलर माना जा रहा है। फिल्म जयंती अंबेथकुमार द्वारा निर्मित है, जिन्होंने पहले 2023 की हिट कविन अभिनीत दादा का निर्माण किया था। निर्माताओं ने अभी तक बाकी कलाकारों की घोषणा नहीं की है। हालांकि, अभिनेता रमेश थिलक को फिल्म का हिस्सा बताया जा रहा है। तकनीकी मोर्चे पर, फिल्म की सिनेमैटोग्राफी पार्थिबन द्वारा और संपादन वीजे साबू जोसेफ द्वारा किया गया है। जल्द ही रिलीज डेट की घोषणा की जाएगी। फिल्म के बारे में बात करते हुए, निर्देशक नेल्सन ने खुलासा किया कि अथर्व फिल्म में एक नए लुक में हैं। फिल्म निर्माता ने खुलासा किया,

शुभमन गिल पर सीएसके के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए लगा 24 लाख का जुर्माना

अहमदाबाद, गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर शुक्रवार रात को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। बीसीसीआई/आईपीएल के बयान में कहा गया है, आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजऩ का दूसरा अपराध था, गिल पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, का जुर्माना लगाया गया। कप्तान शुभमन गिल और बी. साई सुदर्शन ने चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी आक्रमण पर शानदार हमला करते हुए शतक जमाकर गुजरात टाइटंस को चेन्नई सुपर किंग्स पर 35 रन की आसान जीत दिलाई।

कोपा अमेरिका के लिए ब्राजील की टीम से बाहर हुए नेमार

रियो डी जेनेरो, नेमार को घुटने की गंभीर चोट से उबरने के कारण कोपा अमेरिका के लिए ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है। देश के फुटबॉल परिसंघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के अनुसार, नेमार ने अक्टूबर में अपने बाएं घुटने के क्रूसिएट लिगामेंट और मेनिस्कस के टूटने के बाद से नहीं खेला है और 32 वर्षीय नेमार के संयुक्त राज्य अमेरिका में 20 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए फिट होने की बहुत कम संभावना है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर कासेमिरो और टोटेनहम हॉटस्पर के फॉरवर्ड रिचर्डसन भी चूक गए, जो अपने–अपने क्लबों में खराब फॉर्म और चोटों से जूझ रहे थे। जैसा कि अपेक्षित था, मैनेजर डोरिवल जूनियर ने अपनी 23 सदस्यीय टीम में रियल मैड्रिड जाने वाले पाल्मेरास के किशोर एंड्रिक को नामित किया। फारवर्ड, जो जुलाई में 18 साल का हो जाएगा, रियल मैड्रिड में शामिल हो जाएगा, उसने वेम्बली स्टेडियम में इंग्लैंड पर 1–0 की जीत में और मार्च में सैंटियागो बर्नब्यू में स्पेन के खिलाफ 2–2 से ड्रा में ब्राजील के लिए गोल किया था। ब्राजील अपने कोपा अमेरिका अभियान की शुरुआत 24 जून को लॉस एंजेलिस में कोस्टा रिका के खिलाफ करेगा और ग्रुप चरण में पराग्वे और कोलंबिया से भी भिड़ेगा। ब्राज़ील टीमः गोलकीपरः एलिसन (लिवरपूल), एडर्सन (मैनचेस्टर सिटी) बेंटो (एथलेटिको पैरानेंस) रक्षकोंः डैनिलो (जुवेंटस), यान कूटो (गिरोना), गुइलहेम अराना (एटलेटिको माइनिरो), वेंडेल (पोटी), बेराल्डो (पेरिस सेंट–जर्मेन), मार्क्विनहोस (पेरिस सेंट–जर्मेन), एडर मिलिटाओ (रियल मैड्रिड), गेब्रियल मैगलहेस (आर्सेनल) मिडफील्डरः एंड्रियास परेरा (फुलहम), ब्रूनो गुइमारेस (न्यूकैसल), डगलस लुइज़ (एस्टन विला), जोआओ गोम्स (वॉल्वरहैम्प्टन), लुकास पाक्वेटा (वेस्ट हैम) फॉरवर्डः एंड्रिक (पालमीरास), इवानिलसन (पोटी), गेब्रियल मार्टिनेली (आर्सेनल), रफिन्हा (बार्सिलोना), सविन्हो (गिरोना), रोड्रिगो (रियल मैड्रिड), विनीसियस जूनियर (रियल मैड्रिड)।

थिएट्रिकल रिलीज के बाद अब अदा शर्मा की फिल्म बस्तर

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में नक्सली–माओवादी विद्रोह पर आधारित, सुदीप्तो सेन की बस्तर द नक्सल स्टोरी, 15 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. द केरल स्टोरी के मेकर्स (निर्माता विपुल अमृतलाल शाह, निर्देशक सुदीप्तो सेन) की इस फिल्म में अदा शर्मा ने लीड रोल प्ले किया है. साल की सबसे दमदार, प्रभावशाली और अच्छे रिव्यू वाली फिल्मों में से एक की बस्तर द नक्सल स्टोरी की दर्शकों ने भी काफी तारीफ की थी. वहीं जो लोग इस पिल्म को थिएटर में नहीं देख पाए उनके लिए गुड न्यूज है. दरअसल ये फिल्म अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है. चलिए जानते हैं की ह्यबस्तर द नक्सल स्टोरी ओटीटी के किस प्लेटफॉर्म पर कब दस्तक देगी. बता दें कि अदा शर्मा की दमदार एक्टिंग से सजी बस्तर द नक्सल स्टोरीह्न की डिजिटल रिलीज का काफी टाइम से इंतजार किया जा रहा था. फाइनली आज निर्माताओं ने एक नया प्रोमो जारी करके फिल्म की ओटीटी रिलीज की अनाउंसमेंट कर दी है. बता दें कि ये फिल्म ओटीटी के दिग्गज प्लेट-फॉर्म जी5 17 मई, 2024 से देखने के लिए उपलब्ध होगी और इसे हिंदी और तेलुगु में एक साथ रिलीज़ किया जाएगा.

बता दें किएक्स अकाउंट पर फिल्म का नया प्रोमो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है एक ईमानदार अधिकारी और उससे भी बड़ी योद्धा. नक्सलवाद को जड़ से मिटाने आ रही हैं नीरजा माधवन. बस्तर का प्रीमियर 17 मई को, केवल जी5 पर. हिंदी और तेलुगु में उपलब्ध है. बता दें कि फिल्म में अदा शर्मा ने आईपीएस अधिकारी नीरजा माधवन की भूमिका निभाई है.ये फिल्म देश की एक महत्वपूर्ण घटना की कहानी बयां करती है जिसे हर पीढ़ी के दर्शकों को देखना चाहिए. फिल्म की शुरुआत एक कठोर, साहसिक और दमदार सब्जेक्ट से होती है जिसके बारे में पहले कभी किसी ने बात करने की हिम्मत नहीं की. विपुल अमृतलाल शाह की सनशाइन पिक्चर्स द्वारा निर्मित और आशिन ए. शाह द्वारा सह–निर्मित बस्तरः द नक्सल स्टोरी सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित है

वेब सीरीज हीरामंडी का नया गाना साइयां हटो जाओ जारी, मुजरा करती दिखीं अदिति राव हैदरी

टॉप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर इस वक्त दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की शानदार सीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार धमाका कर रही है. हीरामंडी नेटफ्लिक्स पर अब तक की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज बन गई है. हीरामंडी संजय लीला भंसाली की डेब्यू सीरीज है.

सीरीज दर्शकों को खूब भा रही है. फिल्म देश ही नहीं बल्कि विदेशी दर्शकों को भी अपनी ओर खींच रही है. इस बीच फिल्म का एक और गाना सैयां हटो जाओ रिलीज हो गया है. सैयां हटो जाओ को संजय लीला भंसाली ने खुद कंपोज किया है.

एक नजर

चारधाम रूट पर पेयजल व्यवस्था को लेकर इंतजाम पूरे

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिले में चारधाम यात्रा मार्ग पर यात्रियों की सुविधा के लिए जल संस्थान ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता एसके राय ने बताया कि चारधाम यात्रा को देखते हुए जिले के श्रीनगर के साथ ही पौड़ी, सतपुली और रुद्रप्रयाग से धारी देवी मार्ग पर पेयजल व्यवस्था को लेकर पूरे इंतजाम किए गए हैं। बताया कि श्रीनगर में चार और पौड़ी में तीन वाटर एटीएम भी यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए गए है। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह पिलर टाइप व टैंक टाइप स्टैंड पोस्ट लगाए गए है। बताया कि यात्रा मार्ग पर विभाग पानी की गुणवत्ता चेक करने के साथ ही वाटर एटीएम, हैंडपंप का निरीक्षण कर रहा है। दावा किया कि चारधाम यात्रा के दौरान पेयजल व्यवस्था में कहीं भी कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

छात्रों को नेट-जेआरएफ की सफलता के दिए मंत्र

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में शनिवार को आगामी नेट जेआरएफ परीक्षा की तैयारी को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों को नेट जेआरएफ परीक्षा के प्रश्न पत्रों की क्रमबद्धता से तैयारी करने पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में गढ़वाल विवि के डा. अनूप सेमवाल तथा दिल्ली विवि के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं गढ़वाल विवि के शोधार्थी ऋतिक ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कहा कि विद्यार्थियों को तथ्यपरक एवं अवधारणाओं पर पूछे गए प्रश्नों का निरंतर अभ्यास करना चाहिए। कार्यक्रम में छात्र संघ उपाध्यक्ष रूपेश नेगी, आशीष पंत, रिया, मिलन आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

मांगों पर अमल नहीं होने पर भड़के गुरिल्ले

श्रीनगर गढ़वाल : एसएसबी स्वयं सेवकों ने नौकरी, पेंशन सहित अन्य मांगों पर कार्रवाई न होने पर रोष व्यक्त किया। गुरिल्ला संगठन के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनिल भट्ट, पौड़ी जिलाध्यक्ष मान सिंह नेगी, टिहरी जिलाध्यक्ष दिनेश गैरोला ने कहा कि पिछले 18 साल से चल रहे आंदोलन के बीच ही हजारों गुरिल्लों की मृत्यु हो चुकी है और अधिकांश गुरिल्लों की नौकरी की आयु सीमा खत्म हो चुकी है। ऐसे में सरकार को दृढ़ इच्छाशक्ति तथा सहानुभूति दिखाते हुए स्टेट इको टास्क फोर्स, आपदा प्रबंधन बल, होमगार्ड आदि में गुरिल्लों का समायोजन करना चाहिए। वहीं नौकरी की आयु सीमा पार कर चुके गुरिल्लों को हिम प्रहरी योजना के अंतर्गत सहायता देनी चाहिए। गुरिल्लों के समायोजन में राज्य सरकार और केंद्र सरकार को भी ठोस पहल करनी होगी, तभी सभी गुरिल्लों को लाभान्वित किया जा सकता है। (एजेंसी)

पांच दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

चमोली : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में बीएड विभाग और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को आर्ट एंड ड्रामा विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में शामिल छात्र-छात्राओं, रंगकर्मियों और नाट्य विधा से जुड़े कलाकारों ने कहा कि उन्हें कार्यशाला से बहुत कुछ जानने और सीखने को मिला। समारोह में बीएड प्रशिक्षणार्थियों द्वारा महान लेखक मुंशी प्रेमचंद की विभिन्न कहानियों पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। मौके पर प्रो. एके जायसवाल, डॉ. हिमांशु बहुगुणा, डॉ. विधि ढौंडियाल, डॉ. एसी कुकरेती, डॉ. सरिता पवार, डॉ. अखिल चमोली, डॉ. ममता असवाल, डॉ. चंद्रेश जोगेला, डॉ. एसके सैनी मौजूद रहे। (एजेंसी)

शिविर में 105 लोगों ने कराई जांच

चमोली : नारायणबगड़ के परखाल में सेवा इंटरनेशनल द्वारा शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वस्थ शरीर में 105 लोगों की जांच कर दवाइयां वितरित की गई। परखाल में आज सेवा इंटरनेशनल के द्वारा एक साथ शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा 105 लोगों की जांच कर दवाइयां वितरित की गई।

बारिश होने से गर्मी से मिली राहत, जंगलों की आग बुझी

चमोली : कर्णप्रयाग, सिमली, लंगासू, कालेश्वर, नौटी, नंदासैंण सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को मूसलाधार बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश में पछले एक माह से पहाड़ी क्षेत्रों के जंगलों में लगी आग भी बुझ गई है। वहीं, बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों में बने गड्ढों में पानी जमा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

आदिशक्ति माँ भुवनेश्वरी देवी की डोली गंगा स्नान के लिए हरिद्वार रवाना

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : आदिशक्ति माँ भुवनेश्वरी देवी सांगुड़ा की चल मूर्ति विगत वर्ष भी भांति इस वर्ष भी आदिशक्ति माँ भुवनेश्वरी मंदिर पूजा सेवा समिति के तत्वावधान में संगुडा बिलखेत से सुबह 9 बजे हरिद्वार के लिए गंगा स्नान/दर्शन हेतु रवाना हो गई है।

यह डोली यात्रा मंदिर के मुख्य पुजारी पं. गणेश प्रसाद सैलवाल के मार्गदर्शन में लगभग 70 भक्तों के साथ निकली। इस दौरान माँ भुवनेश्वरी की डोली बिलखेत, बांघाट होते हुए सतपुली पहुंची, जहां सतपुली वासियों द्वारा डोली का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया, साथ ही माता के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। अपने सतपुली पड़ाव में सूक्ष्म समय रुककर भक्तों को दर्शन दिए। वहीं होली के हुल्यार टीम और व्यापार मंडल सतपुली द्वारा सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी की गई। जिसके बाद माँ भुवनेश्वरी देवी की डोली कोटद्वार के लिए रवाना हुई और जहां श्री सिद्धबली मंदिर मे भी पहुंचकर सभी भक्तों को दर्शन दिए। पुजारी आचार्य नागेन्द्र मोहन सैलवाल ने बताया कि आदिशक्ति माँ भुवनेश्वरी की चल मूर्ति वैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि में प्रातः काल हरकी पैड़ी में स्नान कर सभी भक्तों को दर्शन देंगी। अध्यक्ष प्रेम सिंह नेगी ने बताया कि पूजा सेवा समिति माँ की महिमा का प्रचार-प्रसार हेतु कटिबद्ध है। सचिव कैलाश थलेड़ी ने बताया कि आदिशक्ति माँ भुवनेश्वरी मंदिर पूजा सेवा समिति समय-समय पर धार्मिक यात्राओं का आयोजन करती रहती है। इस अवसर पर त्रिलोक सिंह नेगी अध्यक्ष दंग्लेश्वर मंदिर समिति, व्यापार मंडल अध्यक्ष जयदीप नेगी, महामंत्री धीरेन्द्र सिंह, रणधीर सिंह, मनीष खुगशाल स्वतंत्र, सुरजन रौंतेला, पूजा सेवा समिति के सदस्य मनोज नैथानी, सुबोध नेगी, सुनील नैथानी, सुरेंद्र सिंह नेगी, मनमोहन रावत, दिग्विजय सिंह रावत, दरवान सिंह रावत, किरन रौंतेला, गीता रावत सहित अनेक महिलाएं और पुरुष सम्मलित रहे।

पूर्व प्रदेश सचिव प्रवेश के निलंबन को वापस लेने की उठाई मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जिला कांग्रेस कमेटी ने पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव एडवोकेट प्रवेश रावत के निलंबन को वापस लेने की मांग की है। इस संबंध में पदाधिकारियों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा को पत्र प्रेषित किया है।

कहा कि प्रवेश रावत वर्ष 1998 से पार्टी संगठन के लिए कार्य कर रहा है तथा सरकार के विरूद्ध डटकर आंदोलनों की अगुवाई करते रहते है एवं कभी भी कांग्रेस संगठन के विरूद्ध कार्य नहीं किया है। इस संबध में शनिवार को कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को प्रेषित पत्र में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा है कि निलंबन की कार्रवाई से पूर्व प्रवेश रावत से कोई स्पष्टीकरण भी नहीं मांगा गया।

कहा कि जिस सोशल मीडिया प्रकरण पर निलंबन की कार्रवाई की गई है उसका पार्टी संगठन से कोई लेना देना नहीं है। कहा कि प्रवेश रावत अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी करते आए हैं। इसलिए उनके निलंबन को वापस लिया जाना चाहिए।

पुलिस ने लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को भेजा जेल

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पौड़ी जिले की पैठाणी पुलिस ने लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पैठाणी पुलिस ने फेसबुक पर ऑनलाइन शॉपिंग कराने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को शनिवार को पाबौ के चिपलघाट से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि 17 अक्टूबर 2022 को पैठाणी थाना क्षेत्र के खंड मल्ला निवासी लीलावती देवी ने थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ फेसबुक पर ऑनलाइन शॉपिंग साइट से गूगल पे के माध्यम से 4 लाख 31 हजार 287 की साइबर धोखाधड़ी करने की शिकायत दर्ज करवाई थी। जिस पर अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। बताया कि इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी परवेज को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल दिया गया था, जबकि दूसरा आरोपी हरियाणा के उदाका का रहने वाला अमजद खान तब से लगातार फरार चल रहा था। एसएसपी ने बताया कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था। जिसके बाद कोर्ट द्वारा उसके खिलाफ कुर्की वारंट भी जारी किया गया।

बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी, लेकिन शातिर किस्म का आरोपी होने के चलते वह लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। बताया कि शनिवार को आरोपी अमजद खान को पाबौ के चिपलघाट से गिरफ्तार कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपिका बिष्ट, अपर उपनिरीक्षक राहुल सिंह, आरक्षी नवाब हैदर, आरक्षी धनजय पंत आदि शामिल रहे।

मलबा आने से चार घंटे बंद रहा बदरीनाथ राजमार्ग

श्रीनगर गढ़वाल : ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग शनिवार सुबह तेज बारिश के चलते सिरोबगड़ में पहाड़ी से मलबा और पत्थर आने से बाधित हो गया। इस दौरान राजमार्ग पर तीन किमी. तक वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली। राजमार्ग खोलने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग खंड ने जेसीबी की मदद से सफाई कार्य किया। करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद राजमार्ग पर यातायात सुचारू किया गया।

कोतवाली प्रभारी श्रीनगर होशियार सिंह ने बताया कि बारिश कारण ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग सिरोगबगड़ में सुबह करीब 5 बजे पहाड़ी से मलबा आने से बंद हो गया। बताया कि यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कतें ना हो इसको लेकर वाहनों को शहर के बाहर ही रोका गया। जहां लोग ढाबों में चाय नाश्ता करते हुए दिखाई दिये। उन्होंने बताया कि जाम की स्थिति पैदा न हो इसके लिये यात्रियों को श्रीकोट चौकी, कलियासौड़ चौकी, जीवीके ऑफिस सहित अन्य स्थानों पर बैरियर लगाकर रोका गया। उन्होंने कहा कि बुघाणी-छान्तीखाल वैकल्पिक मार्ग अवरुद्ध होने के संदर्भ में कोई जानकारी नहीं है। कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान यदि चमधार और सिरोबगड़ मार्ग लंबे समय तक अवरुद्ध होता है तो ऐसी परिस्थिति को देखते हुए मार्ग बुघाणी से छांतीखाल के लिए डायवर्ट किया जाएगा। (एजेंसी)

50 दिव्यांग बच्चों को स्कूल ड्रेस वितरित की

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के झंडीचौड़ स्थित भारती देवी एजुकेशनल फाउंडेशन द्वारा संचालित श्री आदि शंकरा विद्यालय के 50 दिव्यांग बच्चों को क्षेत्र पंचायत सदस्य व समाज सेविका सुनीता कोटनाला ने ड्रेस वितरित की। शनिवार को विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनीता कोटनाला ने कहा कि सक्षम लोगों को जरूरत मंद लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। कहा कि दिव्यांग लोगों को भी समाज की मुख्यधारा में जीने का अधिकार है। उन्होंने फाउंडेशन की ओर से किए जा रहे कार्य की सराहना करते हुए कहा कि फाउंडेशन की ओर से दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है, जो सराहनीय है। इस अवसर पर फाउंडेशन प्रबंधक रिनी लखेड़ा, हेमा जदली, देवी प्रसाद, गौरव जोशी, सुखपाल शाह और विजेंदर सिंह सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए जन सहभागिता जरूरी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : श्री गुरू गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति की बैठक में वनाग्नि की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। कहा कि इस संबध में आम जन को जागरूक किया जाना आवश्यक है। बिना जन सहभागिता के जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोका नहीं जा सकता है। बैठक में तय किया गया कि 24 मई को सेंधीखाल स्थित श्री गुरूगोरखनाथ मंदिर में पर्यावरण संरक्षण व वनाग्नि नियंत्रण हेतु जनसहभागिता विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

समिति की शनिवार को पदमपुर सुखरौ स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में बैठक में वन संपदा के संरक्षण के लिए सामूहिक जन सहभागिता की जरूरत पर जोर दिया गया। कहा कि वनाग्नि को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए। जनसहभागिता से वनाग्नि पर काबू पाना संभव है। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि जन सहभागिता के अभाव में वनाग्नि की घटनाएं बढ़ रही हैं। वनों में आग लगने के कारण वन्य जंतु मानव बस्ती की ओर रूख कर रहे हैं। इससे भी मानव-वन्य जीव संघर्ष की आशंका पैदा हो रही है। कहा कि वन्य जंतुओं को मानव बस्ती की ओर रूख करने से बचाने के लिए हमें जन सहयोग से वनों को बचाना होगा। वनों में आग लगाने के प्रति आम जन को जागरूक करना होगा। बैठक में समिति अध्यक्ष आरपी पंत, अशोक नेगी, डीआर बौंठियाल, मोहन सिंह नेगी, जगदीश जोशी, सुनील नेगी, प्रकाश हेमदान, सतीश चंद्र और विमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री गुरू गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति के अध्यक्ष आरपी पंत।

व्यक्ति को उसकी प्रकृति का ज्ञान होना जरूरी है : शिव प्रताप शुक्ला

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : हर व्यक्ति की प्रकृति उसके जन्म से पहले ही निर्धारित हो जाती है, लेकिन इंसान की यह प्रवृति है कि वह हर किसी के स्वभाव और आचरण के बारे में तो ज्यादा से ज्यादा जानना चाहता है, लेकिन स्वयं अपनी प्रकृति से अनजान बना रहता है।

यह बात हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने सेक्टर 51 स्थित भारतीय धरोहर के सभागार में अपने संबोधन के दौरान कही।

राज्यपाल शुक्ला ने भारतीय धरोहर के अनुभवी वैद्यों के प्रकृति परीक्षण की मुहिम को सराहते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपनी प्रकृति का ज्ञान होना चाहिए कि उसके शरीर में पित्त, वात और कफ की मात्रा कितनी है। राज्यपाल ने कहा कि जब मनुष्य को अपनी प्रकृति का पता होगा तो वह अपने शारीरिक और मानसिक बीमारियों का गुण-दोष के आधार पर मूल्यांकन कर चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर अपनी दिनचर्या में सुधार लाकर अपने व्यवहार में अपेक्षित बदलाव लाकर सुधार कर सकता है। इस अवसर पर धर्मयात्रा महासंघ के महामंत्री शिव नारायण सिंह, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर भारतीय धरोहर के चेयरमैन रमेश कपूर, उपाध्यक्ष महेश बाबू गुप्ता, महामंत्री विजय शंकर तिवारी, संगठन मंत्री प्रवीण शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहनलाल शुक्ला, संरक्षक अतुल शर्मा, अजय सिंघल, सुधीर कौल, पत्रकार एवं साहित्यकार प्रदीप कुमार वेदवाल, विनोद शास्त्री, प्रमोद शर्मा, राजीव शर्मा, भारतेंदु शर्मा, नैवेद्य शर्मा, श्रीमती कोमल तिवारी, धर्मेंद्र शर्मा, रामेंद्र सिंह, राहुल त्रिपाठी, रविकांत मिश्रा आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 77 मामलों का किया निराकरण

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के दिशा-निर्देशन में वाह्य न्यायालय श्रीनगर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 77 मामलों का निस्तारण किया गया। इसमें प्री लिटिगेशन, पुलिस ऐक्ट, एमवी ऐक्ट, एनआई ऐक्ट-138, सिविल वाद के संबंधित विभिन्न मामले सुलझाए गए। जनपद पौड़ी के वाह्य न्यायालय श्रीनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता सिविल जज न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रजनीश मोहन ने की। विभिन्न वादों में वादी प्रतिवादी को सुनते हुए सिविल जज रजनीश मोहन ने मामलों का निस्तारण किया। इस दौरान सदस्य अधिवक्ता देवी प्रसाद खरे, बार काउंसिल उत्तराखंड के सदस्य अर्जुन सिंह भंडारी, बार एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक अनूप श्री पांथर, अध्यक्ष प्रमेश चंद्र जोशी, सचिव ब्रह्मानंद भट्ट, ज्योतिष घिल्डियाल, उपनल कर्मचारी आनंद, पीएलवी सदस्य प्रकाश नेगी, बृजमोहन सिंह सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

गोल्डन कार्ड की खामियां जल्द दूर करने की उठाई मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : गढ़वाल सेवानिवृत्त कर्मचारी समिति की बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कहा कि समिति सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पिछले काफी समय से उठा रही है, लेकिन कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। जिस कारण कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।

शनिवार को नए संघ भवन में बैठक आयोजित बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने गोल्डन कार्ड की खामियों को जल्द दूर करने की मांग उठाई। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि शासन द्वारा 2006 की चिकित्सा प्रतिपूर्ति जारी करने का शासनादेश जारी किया, लेकिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सरकार द्वारा बजट ना दिए जाने से लाभ नहीं मिल पा रहा है। बैठक में कर्मचारियों ने गोल्डन कार्ड की सुविधा के लिए आहरण वितरण अधिकारी के बजाय सीधे कोषागारों में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के बिल जमा करने, पूर्व में गोल्डन कार्ड की सुविधा ना लेने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को फिर से गोल्डन कार्ड की सुविधा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाने की मांग उठाई गई।

बैठक में समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह राणा, सचिव सुरेशचंद्र बड़थ्वाल, त्रिलोक सिंह रावत, सोहन सिंह, मंगल सिंह रौथाण, पुष्कर सिंह रावत, गोपाल सिंह नेगी, नरेश चंद्र नौड़ियाल, शिवप्रसाद रतूड़ी, एसपी चौहान, गिरीशचंद्र गौड़, आनंद सिंह नेगी, सुखदेव सिंह नेगी, एमएस पंवार, डीएस बिष्ट आदि मौजूद रहे।

तीर्थपुरोहित और व्यापारियों की मांगें मानी, यात्रा मार्ग पर खुली दुकानें

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम में तीर्थपुरोहित और व्यापारियों की प्रशासन के साथ हुई बैठक में उनकी सभी मांगें मान ली गई। जिसके बाद प्रशासन, तीर्थपुरोहित और व्यापारियों में चला आ रहा गतिरोध खत्म हो गया। शनिवार को केदारनाथ धाम और पैदल मार्ग में दुकानें खुल गई, जबकि पैदल मार्ग में भी घोड़े-खच्चरों की आवाजाही शुरू हो गई। तीर्थपुरोहितों और व्यापारियों ने बीते दिनों प्रशासन द्वारा केदारनाथ में की गई कार्रवाई का विरोध किया गया था। इसके साथ ही केदारनाथ पैदल मार्ग में दुकानों को यथावत रखे जाने, हवाई सेवा में स्थानीय लोगों को वरीयता सहित कई मांगों को लेकर बीते दिन केदारनाथ में बंद रखा था।

इसके बाद शुक्रवार को ही जिलाधिकारी के निर्देशों पर एसडीएम ऊखीमठ अनिल शुक्ला एवं बीकेटीसी के सीईओ योगेंद्र सिंह ने तीर्थपुरोहित एवं व्यापारियों के साथ बैठक ली। बैठक में प्रशासन स्तर की सभी मांगें मान ली गई, जबकि मजदूर संघ की शासन स्तर की मांग शासन को प्रेषित की गई। हालांकि अधिकांश मांगें माने जाने पर तीर्थपुरोहितों और व्यापारियों का गतिरोध खत्म हो गया। एसडीएम ऊखीमठ अनिल शुक्ला ने बताया कि तीर्थपुरोहित एवं व्यापारियों का विरोध खत्म हो गया है। शनिवार को सभी दुकानें खुली रही। जबकि सभी के सहयोग से यात्रा बेहतर ढंग से संचालित हो रही है। (एजेंसी)

नगर पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

चमोली : आगामी नगर पंचायत चुनावों के देखते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी की अध्यक्षता में शनिवार को तैयारी बैठक की गई।

बैठक में आगामी नगर पंचायत चुनावों को देखते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने सभी कार्यकर्ताओं से मिलजुल कर चुनाव लड़ने और लड़ाने का आह्वान किया।

बैठक में नपं के सात सभासदों और अध्यक्ष पद के लिए एक सौ से भी अधिक नाम सामने आये। बताया गया कि अभी नपंअ एवं वार्डों के आरक्षण की जानकारी नहीं आयी है, उसके बाद इन नामों पर विचार किया जाएगा।

डीएवी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पांचवी कक्षा के नन्हे मुन्ने बच्चों ने माताओं के लिए स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। नर्सरी के नन्हे मुन्ने बच्चों ने जंगल थीम पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ हवन से किया गया। तत्पश्चात विद्यालय प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने छात्र-छात्राओं की माताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि माता बच्चे की पहली शिक्षक होती है, जो दया, प्रेम, आदर आदि भावों को बच्चे के अंदर भरकर उसका सही मार्गदर्शन करती है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें हमेशा अपनी माता का सम्मान करना चाहिए। इस दौरान छात्राओं की माताओं ने भी अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में शिक्षिका हिना सडाना और लता रावत सहित सभी छात्र-छात्राओं की माताएं और विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

: डीएवी पब्लिक स्कूल कोटद्वार में कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देते नन्हें मुन्ने छात्र।

श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के 14 छात्रों को बीएड प्रवेश परीक्षा में मिली सफलता

नई टिहरी : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के शास्त्री (बीए) तृतीय वर्ष के 14 छात्रों ने बीएड प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

वहीं कुछ छात्रों का चयन केंद्रीय विश्वविद्यालयों में सीयूईटी परीक्षा के माध्यम से स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए हुआ है। परिणाम आने के बाद परिसर में सफल छात्रों ने शनिवार को शिक्षकों का आशीर्वाद लिया। निदेशक प्रो. पीबीवी सुब्रह्मण्यम ने बताया कि परिसर में शास्त्री (बीए) तृतीय वर्ष में कुल 45 छात्रों में से 42 ने छठे सत्रार्द्ध की परीक्षा दी थी। जबकि 35 छात्रों ने विभिन्न विवि से बीएड और एमए करने के लिए प्रवेश परीक्षा दी थी।

इनमें केंद्रीय संस्कृत विवि के लिए अंशुल पाठक, नवीन उनियाल, आयुष रतूड़ी, भास्कर खंकरियाल, साहिल सेमवाल, तुषार केमनी, उज्ज्वल बलूनी, पंकज पोखरियाल, ध्रुव जोशी, मधु यादव, दलीप, राम शर्मा, पीयूष त्रिवारी का चयन हुआ। वहीं अंशुल पाठक को केंद्रीय संस्कृत विवि की अखिल भारतीय स्तर की बीएड प्रवेश परीक्षा में छठी, राम शर्मा को 138वीं और मधु को 151वीं रैंक मिली है। युवराज शर्मा का चयन अन्य विवि के लिए केंद्रीय विवि में पीजी में प्रवेश की अखिल भारतीय परीक्षा में रविकांत अवस्थी और पीयूष तिवारी का चयन हुआ।

निदेशक प्रो. सुब्रह्मण्यम ने कहा कि बीएड, नेट आदि की तैयारी के लिए यहां के छात्र-छात्राओं को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। यह सुविधा परिसर में ही दी जा रही है। निदेशक ने इसे अभी तक की बड़ी शैक्षिक उपलब्धि बताते सफल छात्रों को शुभकामनाएं दीं। (एजेंसी)

होटलों में शराब पिलाई तो खैर नहीं

चमोली : पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद शाह ने कर्णप्रयाग में चारधाम यात्रा के मद्देनजर होटल एसोसिएशन, व्यापार मंडल और टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने होटल और ढाबा स्वामियों को सामान की रेट लिस्ट चस्पा करने, होटल-ढाबों में शराब न पिलाने, यात्रियों के लिए वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था करने, यात्रा के दौरान होटल में ठहरने वाले यात्रियों विवरण रजिस्टर में अंकित करने, होटल में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। टैक्सी यूनियनों को परिवहन विभाग द्वारा तय किराया सूची चस्पा करने, वाहन चालकों को यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार करने को निर्देशित किया।

शिक्षकों ने प्रधानाचार्य भर्ती नियमावली को निरस्त करने की मांग

चमोली : राजकीय शिक्षक संघ चमोली के शिक्षकों ने शनिवार को शिक्षा विभाग में प्रधानाचार्य पद पर विभागीय सीधी भर्ती परीक्षा का विरोध किया। उन्होंने प्रधानाचार्य भर्ती नियमावली को निरस्त करने की मांग की है। शिक्षकों ने बैठक आयोजित कर कहा अगर उनकी मांगों की अनदेखी हुई तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। संगठन के सदस्यों ने नाराजगी जताकर कहा कि वे सभी पदों पर शत प्रतिशत पद्दोन्नति की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव व निदेशक को ज्ञापन भेज चुके हैं, लेकिन कोई सकारात्मक कार्रवाई नही हो रही है। इसके अलावा शिक्षकों ने चयन प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत होने पर इंक्रीमेंट, वेतन विसंगति, चयन प्रोन्नत वेतनमान के लिए पूर्व की सेवाओं का लाभ सहित यात्रा अवकाश, प्रभारी प्रधानाचार्यों को डीडीओ का अधिकार स्थानान्तरण/पदोन्नति में काउंसलिंग एवं स्कूलों में कोटिकरण में उप श्रेणियों का निर्धारण, कला, वाणिज्य विषयों के अंकों को मुख्य परीक्षा में जोड़ने, शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता पदों का सृजन पर भी विचार विमर्श हुआ।

आप नेताओं ने मिठाई बांटकर मनाई खुशी

चमोली : आप के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अंतरिम जमानत पर रिहा होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को खुशी जताते हुए मिठाई बांटी। शनिवार को गोपेश्वर में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भवान सिंह चौहान, कुलदीप सिंह नेगी, दिलबर सिंह फर्स्वाण सहित आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अंतरिम जमानत पर रिहा किये जाने पर पार्टी न्यायालय का आभार जताती है। (एजेंसी)

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

विभाग	Electrical (TRD)	टेंडर नं.	T-02-TRD-MB-24-25
कार्य का नाम	मुरादाबाद मंडल में पेड़ की शाखाओं की ट्रिमिंग फेज–4		
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	03.06.2024 को 15:00 बजे		
कार्य की अनुमानित लागत (₹)	₹39,70,127.52 (including GST)		
बिड सिक्योरिटी राशि (₹)	₹79,400/-	निविदा प्रपत्र का मूल्य(₹)	NIL
ऑफर की वैधता (दिन)	45 days		
कार्य पूरा करने की अवधि	09 Months		
वेबसाइट एवं कार्यालय का पता	www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद		

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2024-25/TN-04 दिनांक 11.05.2024 1433/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

भगवान वेणुगोपाल का अभिषेक कर निकाली गई रथयात्रा

ऋषिकेश। श्रीकृष्ण कुंज आश्रम में शनिवार को भगवान वेणु गोपाल का ब्रह्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ब्रह्मोत्सव पर 108 कलश जल से भगवान वेणुगोपाल का अभिषेक कर रथ यात्रा निकाली गई। विभिन्न जगहों पर रथ यात्रा का स्वागत हुआ। शनिवार को मायाकुंड स्थित श्रीकष्ण कुंज आश्रम में पांच दिवसीय ब्रह्मोत्सव के अंतिम दिन भगवान वेणुगोपाल का 108 कलश से जलाभिषेक हुआ। उसके बाद उत्तराखंड पीठाधीश्वर स्वामी कृष्णाचार्य महाराज की अगुवाई में वेणुगोपाल की रथयात्रा नगर में निकाली गई। यह रथ यात्रा केवलानन्द चौक से झंडा चौक, भारत मंदिर, सुभाष चौक, घाट रोड, रेलवे रोड, क्षेत्र रोड आदि जगहों से होते हुए श्रीकृष्ण कुंज आश्रम में पहुंचकर संपन्न हुई। स्वामी कृष्णाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान वेणुगोपाल अपने पूरे परिवार के साथ समस्त जनमानस को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं और सभी भक्तों की मनोकामना मनोरथ पूर्ण करते हैं। इस दौरान विभिन्न जगहों पर रथ यात्रा का स्वागत किया गया। मौके पर श्री भरत मंदिर के महंत वत्सल प्रपन्नाचार्य महाराज, तुलसी मानस मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य, संत गोपालाचार्य महाराज, निवर्तमान मेयर अनिता ममगाईं, लक्ष्मी नारायण, संजय दीक्षित, विजय वशिष्ठ, सुनील तोमर, पीके श्रीवास्तव, विजय वशिष्ठ, सोहनलाल, राकेश मोहन, मोहनलाल पांडे, सुनील वर्मा, नवीन शर्मा, अमन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

दुष्कर्म का आरोपी नोएडा से गिरफ्तार

देहरादून। नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने शनिवार को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था। नेहरू कॉलोनी थानाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि 16 अप्रैल को एक व्यक्ति ने नेहरू कॉलोनी में शिकायत दर्ज कराई थी।

आरोप था कि अपनेश कुमार पुत्र दानवीर सिंह निवासी डोलाकानगरा जिला बुलंदशहर यूपी उनकी नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। मोहन सिंह ने बताया कि आरोपी लगातार ठिकाने बदल रहा था। आखिरकार शनिवार को उसे योटा सेंटर लुशियाना ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया गया।

अक्षय तृतीया पर सात ने लिया देहदान–अंगदान का संकल्प

देहरादून। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर दून के सात लोगों ने देहदान एवं अंगदान का संकल्प लिया। दधीचि देहदान समिति के अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार गोयल ने इनका संकल्प पत्र भरवाया। डॉ. गोयल ने बताया कि धर्मपुर निवासी जेसी आहूजा, उनकी पत्नी निर्मला आहूजा, पुत्र नवीन आहूजा, आईटीबीपी रोड निवासी ओएनजीसी से सेवानिवृत्त बल्लभ कुमार पांडेय एवं करुणा पांडेय, गुरुतेगबहादुर रोड निवासी इनकम टैक्स विभाग में डिप्टी कमिश्नर नरेश कुमार गोयल एवं उनकी पत्नी पूनम गोयल ने संकल्प पत्र भरे। कहा समिति लगातार इस अभियान को आगे बढ़ा रही है, अब लोग अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ समेत अन्य तीज त्योहार पर नेत्रदान, देहदान एवं अंगदान का संकल्प लेने लगे हैं।

वैभव प्रधानमंत्री और अतुल बने सेनापति

ऋषिकेश। पुष्पा वडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को छात्र संसद का गठन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री पद पर वैभव गौड़ और सेनापति पद पर अतुल डोभाल ने जीत दर्ज की। शनिवार को ढालवाला स्थित पुष्पा वडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मे छात्र संसद गठन किया गया, जिसके लिए छात्र सांसद योग्यता परीक्षा सम्पन्न करवाई गई। लिखित परीक्षा, वकृत्व कौशल के आधार पर योग्य छात्रों का सांसद पद के लिए चयन किया गया। चयनित सांसदों ने विभिन्न पदों के लिए मतदान किया, जिसके बाद प्रधानमंत्री पद पर विशाल ठाकुर, उप प्रधानमंत्री पद पर गौरव खंडूरी, सेनापति पद पर अतुल डोभाल, उप सेनापति पद पर मोहित बिजल्वाण, संसदीय कार्य मंत्री पद पर वैभव गौड़, उप संसदीय कार्य मंत्री पद पर विनायक जोशी विजेता रहे। मौके पर दिनेश चंद्र सकलानी, नवनीश शर्मा, बीरेन्द्र किशोर गौड, प्रभाकर भट्ट, सुनील कुमार राजपूत, आशीष चैहान, बिशन सिंह, दिविशंकर नैथानी, नरेश पुंडीर, जयेन्द्र चमोली, लक्की जोशी, विपिन डोभाल, शैलेन्द्र कण्डारी, सुनील ध्यानी, कीर्ति नौटियाल, कुलदीप, विक्रमा देवी, रमेश गुन्सोला आदि उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने बांधा समां

ऋषिकेश। तीर्थनगरी में शनिवार को मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। मदर्स डे के उपलक्ष्य में विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम हुए। इस दौरान जहां बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जहां समां बांधा। वहीं वक्ताओं ने मानव जीवन में मां की महत्ता के बारे में बताया। शनिवार को अंकुर पब्लिक स्कूल ने मदर्स डे पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लिया स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरूषोत्तम ने शनिवार को जनपद चमोली में पीजी कॉलेज गोपेश्वर में स्थित स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्षों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को मतगणना की सभी तैयारियां भी समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शनिवार को चमोली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पीजी कॉलेज गोपेश्वर में स्थित स्ट्रांग रूम में लॉगबुक, स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे और उनका डिस्पले चेक किया। उन्होंने सीसीटीवी कक्ष में तैनात अधिकारियों को सतर्कता रखते हुए सभी डिस्पले पर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य निर्वाचन

अधिकारी ने विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूम और संपूर्ण मतगणना परिसर व मतगणना केंद्रों का जायजा भी लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम में तैनात सुरक्षा बल के संबंध में जानकारी भी ली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना हेतु कार्मिकों नियुक्ति एवं प्रशिक्षण समय से सुनिश्चित करें। राजनीतिक दलों के साथ भी समय समय पर बैठक की जाए। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, सीओ पुलिस अमित कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी सती सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

एसबीपीएस की छात्रा का तलवारबाजी के लिए साई में चयन

देहरादून। सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल (एसबीपीएस) फेंसिंग एकादमी की छात्रा प्रकाम्या कोठारी का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) थालासेरी केरल के लिए हुआ है। प्रकाम्या सातवीं कक्षा की छात्रा है। शनिवार को स्कूल में उसको सम्मानित किया गया। बलूनी ग्रुप के एमडी विपिन बलूनी ने कहा कि स्कूल के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि प्रकाम्या की इस उपलब्धि से अन्य खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रकाम्या कोठारी ने महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित राष्ट्रीय तलवारबाजी अंडर–10 और अंडर –12 में दो बार गोल्ड मेडल हासिल किया है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश में आयोजित प्रतियोगिता अंडर–14 में उसे देश भर में पांचवीं रैंक हासिल हुई।

दून में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

देहरादून। पुलिस ने पटेलनगर क्षेत्र में शनिवार को एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए युवती समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यहां काम कर रहे 15 युवक–युवतियों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। कॉल सेंटर से विदेशों में कॉल कर लोगों से लैपटॉप, कंप्यूटर ठीक करने के नाम पर धोखधड़ी की जाती थी। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि उन्हें पटेलनगर में महंत इंद्रेश अस्पताल के पास रिद्धिम टॉवर में अवैध इंटरनेशनल कॉल सेंटर के संचालन की सूचना मिली थी। इसपर सीओ सदर के नेतृत्व में एसओजी की एक टीम गठित की गई। टीम ने शनिवार को कॉल सेंटर में दबिश दी। यहां प्रथम तल पर बड़े हॉल में कुछ युवक, युवतियां लैपटॉप और कम्पयूटर के सामने बैठकर हैडफोन लगाकर कॉल पर बात कर रहे थे। जो स्वंय को माइक्रोसॉफ्ट ऑनलाइन सपोर्ट कंपनी का प्रतिनिधि बताकर लोगों से उनके कम्पयूटर सिस्टम से वायरस/ बग हटाकर उनके बैंक खातों की जानकारी मांग रहे थे। पुलिस के पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वो विवेक निवासी ग्राम अगरोहा, हिसार, हरियाणा और निकिता निवासी सोनादा दार्जलिंग, पश्चिम बंगाल के लिए काम करते हैं। पुलिस ने विवेक और निकिता को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, 15 युवक–युवतियों को 41 सीआरपीसी के नोटिस जारी किए गए हैं। ऐसे करते थे ठगीः कॉल सेंटर के कर्मचारी अपना नाम बदलकर स्वयं को माइक्रोसॉफ्ट का प्रतिनिधि बताकर विदेशी कॉल आने पर लोगों से बात करते थे। आरोपी खुद ही उनके सिस्टम में बग या वायरस भेजते थे और बाद में उसे ही ठीक करने के नाम पर अल्ट्रा व्यूवर का प्रयोग कर सिस्टम की एक्सेस प्राप्त कर लेते थे।

वनाग्नि, वन्य जीव जन्तुओं की सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण को लेकर जन जागरूकता रैली निकाली

डोईवाला । आदर्श औद्योगिक स्वायत्ता सहकारिता मिस्सरवाला (डोईवाला) देहरादून के तत्वाधान में वनाग्नि, वन्य जीव जन्तुओं की सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण को लेकर गांधी पार्क देहरादून से जन जागरूकता रैली निकाली गई।रैली के माध्यम से विभिन्न स्कूली विद्यालयों के छात्र–छात्राओं में आम जनता को वनों में लगने वाली आग की रोकथाम व वनों में रहने वाले वन्य जीव जन्तुओं की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। आदर्श संस्था की अध्यक्ष श्रीमती आशा कोठारी ने कहां की प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने सरकार के प्रयासों की सराहना की। वही शासन–प्रशासन द्वारा वनाग्नि की रोकथाम की दिशा में किये गए प्रयासों के अलावा आम जनता से वनों को आग से बचाने व वन्यजीवों की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान भी किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।आदर्श औद्योगिक स्वायत्ता सहकारिता मिस्सरवाला (डोईवाला) संस्था की अध्यक्ष श्रीमती आशा कोठारी की अध्यक्षता में एमकेपी, डीएवी इन्टर कालेज, जीजीआईसी राजपुर रोड, सीएनआई बालिका इन्टर कालेज, स्कूली छात्र–छात्राओं 11, यू.के गर्ल्स बटालियन एनसीसी कैडैट ने रैली के द्वारा वनों की सुरक्षा का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद उत्तराखण्ड श्री विश्वास डाबर ने रैली को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता लाकर ही वनों के साथ पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है।

जांच के लिए भेजे मसालों के सैंपल

नई टिहरी : खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने शनिवार को मसाला निर्माताओं को लेकर बौराड़ी, नई टिहरी, कुट्टा, पैन्यूला, बागी, बीपुरम व कोटी कालोनी में निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान मसालों के पांच सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए। निरीक्षण अभियान की जानकारी देते हए वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी शारदा ने बताया कि सभी मसाला निर्माताओं के प्रतिष्ठानों का गहनता से निरीक्षण किया गया है। मसालों की शुद्धता व एथिलीन आक्साइड की जांच के लिए संदेह के आधार पर पांच नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। इनकी जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान खुले पनीर, पैक्ड काला नमक और हल्दी पाउडर के नमूने लेकर भी जांच के लिए भेजे हैं।

मेले आपसी मेलजोल के प्रतीक : नौटियाल

चमोली : आदिबदरी मंदिर समिति की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास मेले का शनिवार को शुभारंभ हो गया।

मेले का उद्घाटन करते हुए क्षेत्रीय विधायक अनिल नौटियाल ने कहा कि मेले हमारी आपसी मेलजोल के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर जो मेला लगता है वह हमारी प्राचीन सभ्यता का द्यौतक है। इस दौरान उन्होंने मेले के सफल संचालन के लिए विधायक निधि से दो लाख की राशि देने तथा इस दौरान होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यालयों को बीस-बीस हजार की राशि देने की घोषणा की। आदिबदरी मंदिर समिति अध्यक्ष जेपी बहुगुणा ने बताया कि रविवार को भी विभिन्न विद्यालयों के सांस्कृतिक कार्यक्रम जारी रहेंगे। वहीं 13 मई को भगवान आदिबदरी नाथ जी को नये अनाज का भोग एवं प्रतिकात्मक लाठी–

डंडा युद्ध के उपरांत नौठा नृत्य होगा। इस मौके पर मंदिर समिति महासचिव हमेन्द्र कुंवर, मंदिर पुजारी चक्रधर थपलियाल, उपाध्यक्ष पुष्कर रावत, गंगा सिंह रावत कोषाध्यक्ष, बलवंत भंडारी, प्रधान यशवंत भंडारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विरेन्द्र प्रभू, प्रधानाचार्य मनवर नेगी, महामंत्री नारायण सिंह नेगी, विजय चमोला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गैणा सिंह रावत, क्षेपंस नवीन बहुगुणा, प्रधान धर्म सिंह पंवार आदि कई स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। (एजेंसी)

ग्राम कमेटियों में चलाया जाएगा सदस्यता अभियान

नई टिहरी : उत्तराखंड किसान सभा टिहरी की जिला कौंसिल की बैठक शनिवार को किरगणी स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में सदस्यों ने ग्राम कमेटियों में सदस्यता अभियान चलाने पर चर्चा की। सदस्यों ने अखिल भारतीय किसान सभा के पूर्व महासचिव अतुल अंजान के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष कामरेड भगवान सिंह राणा की अध्यक्षता आयोजित किसान सभा की बैठक में संगठन के सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष राणा ने बताया कि अभी तक मात्र तीन ग्राम कमेटियों में सदस्यता हो पायी है, जहां अवशेष सदस्यता को पूरा किया जाएगा। बताया कि कौंसिल के सदस्य जिन गांवों से हैं, वहां पर सदस्यता व ग्राम कमेटी सम्मेलन प्राथमिकता के साथ करना जरूरी है। बैठक ने आगामी 30 मई (किसान दिवस) तक किरगणी, कांडीखाल, उप्पू,

सारज्यूला व बूढ़ाकेदार मंडलों के दायरे के तहत की ग्राम कमेटियों में सदस्यता के कार्यभार को पूरा करने का निर्णय लिया। जिसके लिए किरगणी मंडल के दायरे में 17 से 19 मई को, उप्पू मंडल में 14 व 22 मई, कांडीखाल मंडल में 24, 28 व 30 मई को, सारज्यूला में 26 मई को सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। वहीं दूसरे चरण की शुरुआत 10 जून से उपली रमोली मंडल से करते हुए, भदुरा व प्रतापनगर मंडल में सदस्यता अभियान व ग्राम कमेटी सम्मेलन किए जाएंगे। बैठक में जिला सचिव कृपाल सिंह कठैत, संयुक्त सचिव कामरेड सफर सिंह नेगी, गुलाब सिंह कठैत, कृष्णा कठैत, जय सिंह राणा, प्रेम दत डोभाल, नत्थी सिंह कठैत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

मसूरी में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना

देहरादून। मसूरी में शनिवार दोपहर हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया। बारिश शुरू होते ही मालरोड पर सन्नाटा पस गया। हालांकि शाम चार बजे बाद फिर से धूप खिल आई और मालरोड समेत मसूरी की सड़कों पर पर्यटक उमड़ पड़े। बारिश से मसूरी का मौसम सुहावना हो गया है। यहां वीकेंड पर पहुंचे पर्यटक भी बदले मौसम में सुकून महसूस कर रहे हैं। दिल्ली से मसूरी घूमने आए पर्यटक पृथ्वी सिंह, जानकी देवी, शीत समेत अन्य ने बताया कि इन दिनों मैदानी क्षेत्रों में गर्मी से हाल बेहाल है लेकिन यहां पर अचानक मौसम बदलने से काफी ठंडा हो गया है। वहीं, दूसरी ओर देर रात को हुई बारिश से कीताबघर के समीप नाला चोक हो गया, इससे गंदा पानी होटल में घुस गया। यहां कमरों में रखा सारा सामना खराब हो गया। होटल के मैनेजर सुग्रीव कंडारी ने बताया की देर रात को हुई बारिश से नाला चोक हो गया था।

प्रभावी जनसंपर्क के लिए टेक्नोलॉजी अहम

देहरादून। पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया, देहरादून चैप्टर की ओर से शनिवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर जनसंपर्क में टेक्नोलॉजी की भूमिका विषय पर आयोजित वेबिनार में वक्ताओं ने प्रभावी जनसम्पर्क के लिए, तकनीकी का प्रयोग बढ़ाने पर जोर दिया। वेबिनार में यूकॉस्ट के संयुक्त निदेशक (साइंस एंड टेक्नोलॉजी) देवी प्रसाद उनियाल ने कहा कि टेक्नोलॉजी व्यक्ति और समाज के बीच संचार को सुगम को तेज़ बनाती है।

साइंटिफिक एप्रोच को बढ़ावा देने में स्कूल और कॉलेज महत्वपूर्ण हैं। बच्चों के बीच कम्युनिकेशन पर चर्चा की जाए। आईटीडीए के तकनीकी विशेषज्ञ आलोक तोमर ने कहा कि टेक्नोलॉजी बहुत ही विस्तृत क्षेत्र है। पूरी दुनिया टेक्नोलोजी के माध्यम से आपस में जुड़ी है। बिना टेक्नोलॉजी के जनसंपर्क के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता है। तमाम सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग सूचनाएं साझा करने में किया जा सकता है।

नीरज पांडे ने कहा कि सामाजिक मुद्दों पर परिचर्चाएं आयोजित कर इनमें निकल कर आने वाली बातों को संचार तकनीक के माध्यम से लोगों तक पहुंचाना चाहिए।

हुडको के चेयरमैन संजय भार्गव ने कहा कि फेक न्यूज और गलत सूचनाओं के प्रति भी लोगों को सचेत करना जरूरी है। वेबिनार का संचालन पीआरएसआई के सचिव अनिल सती ने किया जबकि कोषाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

ऑनलाइन मिले नंबर से अप्वाइमेंट लेना भारी पड़ा

देहरादून। जॉलीग्रांट स्थित एक अस्पताल के प्रतिष्ठित डाक्टर का अप्वाइमेंट लेने के लिए ऑनलाइन नंबर सर्च करना महिला को भारी पड़ गया। साइबर ठग ने डाक्टर बनकर महिला से 98 हजार रुपये ठग लिए।राजपुर थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि सारिका निवासी सहस्त्रधारा रोड राजपुर ने तहरीर दी कि उन्हें दो फरवरी को जॉलीग्रांट स्थित अस्पताल के डाक्टर से चैकअप कराना था। उन्होंने अप्वाइमेंट लेने के लिए ऑनलाइन डाक्टर का नंबर सर्च किया। प्राप्त हुए नंबर पर जब उन्होंने कॉल की तो संबंधित व्यक्ति ने खुद को डाक्टर बताया। इसके बाद उन्हें व्हाट्एसएप पर एक ऑनलाइन लिंक भेजा गया। कहा गया कि लिंक खोलने के बाद 10 रुपये बताए गए खाते में डालने होंगे। पहली बार पेमेंट सेंड नहीं हो पाई तो महिला ने अपने दूसरे खाते से पेमेंट की। लेकिन वो भी फैल्ड हो गई। आरोप है कि इसके बाद महिला के एक खाते से एक लाख रुपये और दूसरे खाते से 98545 रुपये कट गये। धनराशि कटने के बाद मिला को धोखाधड़ी का आभास हुआ, तो उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद 28 मार्च को उनके खाते में एक लाख रुपये आ गए।

एसजीआरआर रेसकोर्स में नई छात्र परिषद का गठन

देहरादून। श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल रेसकोर्स में शनिवार को नई छात्र परिषद का गठन किया गया। जिसमें कुदनिका डिमरी को हैड गर्ल व आदित्य जोशी को हैड ब्वाय चुना गया। इस दौरान नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर उन्हें सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे श्री गुरु राम राय एजुकेशन मिशन के ओएसडी एचपी भट्ट और प्रिंसिपल प्रतिभा अत्री ने परिषद के सदस्यों व पदाधिकारियों को बैच पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रधानाचार्या ने सभी सदस्यों को विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूदों आदि गतिविधियों को अनुशासित व सफलतापूर्वक संचालित करने की शपथ दिलाई।

पुलिस ने किया ज्वेलरी शाप में हुई चोरी का खुलासा

नई टिहरी : टिहरी में शनिवार को सीओ ने घनसाली कस्बे में ज्वेलरी शाप में हुई चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी मां-बेटे को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया। आरोपियों ने बीती 2 मई को दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों के पास से चोरी की हुई डेढ़ लाख लागत की चार सोने की माला भी बरामद की गई हैं। पुलिस चोरी में शामिल तीन अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है। अपने कार्यालय में खुलासा करते हुए सीओ ओसिन जोशी ने बताया कि सीसीटवी फुटेज और सर्विलांस के जरिये चोरों को पकड़ा गया है। चोरी में पांच लोग शामिल हैं। जिनमें से दो को पकड़ लिया गया है। बाकी की तलाश जारी है। आरोपियों की

हिस्ट्री को भी खंगाला जा रहा है। सीसीटीवी फूटेज में एक महिला, एक पुरूष व तीन बच्चे एक जैन स्टेलो कार से जाते हुए दिखाई दिए थे। सर्विलांस टीम एक्टिव करने के साथ ही कड़ी से कड़ी मिलाते हुए 10 मई को अशोक विहार अखाड़े वाली गली थाना गाजियाबाद की निवासी महिला सुनीता और उसके बेटे रितिक को पौखाल बाजार से गिरफ्तार किया है। (एजेंसी)

चारधाम यात्रा पर आने से पहले जरूर कराएं स्वास्थ्य परीक्षण

देहरादून। यदि आप चारधाम यात्रा पर जाने की योजना बना रहे हैं तो उससे पहले स्वास्थ्य परीक्षण जरूर करा लें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार चारधाम में बुजुर्गों के साथ ही युवाओं को भी स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत हो सकती है। विदित है कि शुक्रवार से चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों से तीर्थ यात्री दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन चारधाम के मौसम और विकट परिस्थितियों की वजह से कई लोगों का स्वास्थ्य खराब होने का भी खतरा रहता है। ऐसे में विशेषज्ञ यात्रा से पहले स्वास्थ्य परीक्षण की सलाह देते हैं। राज्य सरकार की ओर से भी यात्रियों के लिए हेल्थ एडवाजयरी जारी की गई है। इसके अनुसार यात्रा पर आने से पहले स्वास्थ्य की जांच जरूरी है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने यात्रा मार्ग पर 31 स्थानों पर हेल्थ स्क्रीनिंग सेंटर भी बनाए हैं जहां पर स्वास्थ्य की जांच कराई जा सकती है। खासकर 60 साल से अधिक उम्र के लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है ताकि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सचेत किया जा सके।

दो साल में कुल 585 तीर्थ यात्रियों की मौत

चारधाम में पिछले दो सालों के दौरान कुल 585 तीर्थ यात्रियों की मौत हुई है। इसमें से चालीस साल से कम उम्र के करीब 70 युवक भी शामिल हैं। वरिष्ठ फिजीशियन डॉ नारायण जीत के अनुसार चारधाम यात्रा के दौरान बुजुर्ग हो या युवा सभी को स्वास्थ्य का ध्यान रखने और परीक्षण कराने की जरूरत है।

यह सावधानी रखनी जरूरी

–हार्ट या सांस संबंधी कोई दिक्कत है तो चारधाम यात्रा न करें

–पूछताछ के दौरान कोई बीमारी न छिपाएं

–यात्रा मार्ग पर तेजी से न चलें

–एक ही दिन में धाम की पूरी यात्रा न प्लान करें

–कोई दवाई चल रही है तो उसे किसी भी कीमत पर न छोड़े

–हाल ही में किसी बीमारी से उबरे हैं तो यात्रा न करें।

कोकीन तस्कर को शरण देने वाली महिला पर केस

देहरादून। करीब 21 लाख रुपये की कोकीन के साथ पकड़ी गई केन्यन महिला को दून में अपने घर में रखने के आरोप में पुलिस ने एक महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। महिला ने विदेशी महिला को घर में रखने की सूचना नहीं दी थी।रायपुर थाना प्रभारी कुंदनराम ने बताया कि 05 मई को एक केन्यन महिला रेजिना वेवरू नेजरि को 31 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने महिला से पूछताछ की तो उसने बताया कि वो दो अप्रैल से दो बच्ची रोड निकट सिद्धार्थ लॉ कालेज आईटी पार्क देहरादून में अपनी मां के साथ शिखा गुलयानी पत्नी मोहित गुलयानी के यहां रह रही थी। जांच में पता चला कि भवन स्वामी ने विदेशी महिला के रहने की सूचना विदेशी पंजीकरण कार्यालय को नहीं दी थी।

व्यापारी हितों की रक्षा करेगा भारतीय व्यापार मंडलः जैन

देहरादून। भारतीय व्यापार मंडल उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक व्यापारियों को साथ लेकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट करेगा। मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैभव जैन ने शनिवार को रिस्पाना पुल स्थित एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में मंडल की योजनाएं बताईं और एसपी नौटियाल को गढ़वाल मंडल के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। जैन ने कहा कि उत्तराखंड के व्यापारियों को एक मंच पर लाने के लिए व्यापार मंडल ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। यह व्यापारियों का ऐसा संगठन है जो भारतवर्ष में 18 राज्यों में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे तो देश में बहुत सारे उद्योग और व्यापारी संगठन बने हैं, लेकिन वो व्यापारियों का हित नहीं कर पाए। इन संगठनों का सरकारों से भी कोई सामंजस्य नहीं है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर व्यापारियों का कोई संगठन नहीं है, इसके चलते जिसके लिए भारतीय व्यापार मंडल का गठन किया गया। उन्होंने कि आज व्यापारी बहुत सारी दिक्कतों का सामना कर रहा हैं। जिसमें सेल्स टैक्स, इनकम टैक्स, जीएसटी तो कभी प्रदूषण के नाम पर तो कभी लेबर एक्ट को लेकर ऑनलाइन मार्केट जैसे मामले सामने आ रहे हैं। उनका समाधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि संगठन उत्तराखंड के व्यापारियों के से वार्ता कर रहा है। वेबिनार में पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया, संयुक्त सचिव राकेश डोभाल, नवीन कंडारी, संजय पांडेय, दीपक शर्मा, जितेंद्र सिन्हा, वैभव गोयल, अमित धस्माना, पुष्कर नेगी, मनोज सती, आकाश, प्रियांक, अनिल दत्त, डॉ आशा बाला असवाल रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com